卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

•वर्ष 26 •अंक 60 •पृष्ठ 8 •रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) •शनिवार •6 दिसम्बर 2025 •मूल्य दो रूपया

## मोर्चरी में चूहों ने कुतर दिया शव, हंगामा

हरिद्वार(उद संवाददाता)। जिला अस्पताल की मोर्चरी में शुक्रवार रात से रखे गए लखन शर्मा उर्फ लकी के शव को चूहों ने कुतर दिया, जिससे स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही एक बार फिर सुर्खियों में आ गई। ज्वालापुर की पंजाबी धर्मशाला के मैनेजर लखन शर्मा की अचानक हृदयगति रुकने से मौत हो गई थी। परिजन शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन समय बीत जाने के कारण प्रक्रिया अगले दिन सुबह के लिए टाल दी गई। शनिवार सुबह परिजन जब मोर्चरी पहुंचे तो शव के चेहरे, सिर और एक आंख पर गहरे घाव देखकर दंग रह गए। आसपास चूहों को दौड़ते देखकर उन्हें समझ में आ गया कि रातभर शव को चूहों ने कुतर डाला है। घटना की जानकारी मिलने पर कांग्रेस नेता भी मौके पर पहुंचे और स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ मोर्चरी के बाहर उग्र नारेबाजी की। परिजनों ने मोर्चरी की सुरक्षा और सफाई व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त बताते हुए दोषियों पर कार्रवाई, जिम्मेदार कर्मचारियों के निलंबन और मोर्चरी व्यवस्था की जांच की मांग की।हंगामे के दौरान स्वास्थ्य विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे परिजनों और कार्यकर्ताओं का आक्रोश और बढ़ गया।



## हरक सिंह के बयान पर फूटा गुस्सा

देहरादून/किच्छा/नानकमत्ता। वकीलों के धरनास्थल पर कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत द्वारा सिख समुदाय पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के बाद प्रदेशभर में सिख समाज और भाजपा समर्थकों में आक्रोश है। प्रदेश भर में आज हरक सिंह रावत के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर उनके पुतले फूंके गये। दरअसल शुक्रवार को हरक सिंह रावत वकीलों की हड़ताल के 26वें दिन हरिद्वार रोड स्थित धरनास्थल पर समर्थन जताने पहुंचे थे। जब एक सिख वकील अपनी बात रखने के लिए खड़ा हुआ, तो हरक सिंह रावत ने उसे बैठने के लिए कहा और उसी दौरान आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिसके बाद वहां हंगामा खड़ा हो गया। वकीलों ने उनके (शेष पृष्ठ सात पर)






## बाजपुर में नशीले कैप्सूलों का जखीरा बरामद, दो गिरफ्तार

### आईजी के नेतृत्व में नशा माफिया पर बड़ा वार

बाजपुर/हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कुमाऊँ में नशे के खिलाफ पुलिस का अब तक का बड़ा ऑपरेशन सामने आया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की "ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड" नीति और आईजी कुमाऊँ रिद्धिम अग्रवाल की जीरो टॉलरेंस रणनीति का सीधा असर बाजपुर में देखने को मिला, जहां संयुक्त टीम ने नशे के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ कर रिकॉर्ड मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं जब्त कीं। यह कार्रवाई कुमाऊँ में अब तक की सबसे बड़ी एनडीपीएस बरामदगी मानी जा रही है। दरअसल, पांच और छह दिसंबर की रात कुमाऊँ एसओटीएफ , औषधि नियंत्रक विभाग और कोतवाली बाजपुर पुलिस संयुक्त चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मोमीन मेडिकल स्टोर, सुल्तानपुर पट्टी में भारी मात्रा में नशीली दवाओं की अवैध बिक्री की जानकारी मिली। टीम ने जब मेडिकल स्टोर और उसके अंदर बने घर की तलाशी ली तो ऐसा भंडार मिला जिसने पूरे नेटवर्क को उजागर कर दिया। जांच में स्पास प्रॉक्सीमिन प्लस के 11,056 कैप्सूल, प्रॉक्सिमो स्पास के 2,640 कैप्सूल, पैटमॉल स्पास के 10,200 कैप्सूल और कुल मिलाकर 23,896 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद हुए। इसके अलावा 2,400 टेबलेट अल्प्रेक्स भी मिलीं, जिनका उपयोग नशे के लिए किया जाता है। इन दवाओं को बेहद सुनियोजित तरीके से घर के अंदर छुपाकर रखा गया था। मौके से मेडिकल स्टोर संचालक काशिम अली और उसका पुत्र मौ0 उवेश गिरफ्तार किए गए और दोनों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की गई। इस बड़े खुलासे के बाद आईजी कुमाऊँ रिद्धिम अग्रवाल ने स्पष्ट शब्दों में (शेष पृष्ठ सात पर)



## अवैध असलहों की तस्करी का भंडाफोड़,एक दबोचा

रुद्रपुर(उद संवाददाता) ।पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में अवैध असलाह तस्करी का भंडाफोड़ हुआ है। टीम ने चार पिस्टल, एक बंदूक और 40 से अधिक कारतूस बरामद एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। देर रात एसटीएफ प्रभारी निरीक्षक महेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में टीम संदिग्धों की तलाश और अवैध असलहा नियंत्रण के लिए गावा चौक के पास चेकिंग में जुटी थी। इसी दौरान पुलिस मुख्यालय देहरादून के चेकिंग आदेश के पालन में लगी टीम को मुखबिर से महत्वपूर्ण सूचना मिली कि बाजपुर दोराहा की ओर से एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर भारी मात्रा में अवैध असलहा लेकर बसुंधरा कॉलोनी, काशीपुर फ्लाईओवर के पास डिलीवरी देने आने वाला है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए निरीक्षक सिंह ने त्वरित रूप से कोतवाली रुद्रपुर प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी को सूचित किया, जो अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुँचे। पुलिस ने मुखबिर को साथ लेकर बसुंधरा कॉलोनी की सर्विस लाइन में जाल बिछाकर संदिग्ध का इंतजार किया। उधर बाजपुर दोराहा चौकी प्रभारी को भी संदिग्ध वाहन को रोकने के निर्देश दिए गए। कुछ देर बाद काशीपुर दिशा से आती एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही बाइक सवार घबराकर वापस मुड़ने लगा, मगर टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार व्यक्ति ने अपना नाम मोहम्मद आसिम (32 वर्ष), पुत्र शकील अहमद, निवासी धनसारा, थाना बाजपुर बताया। पूछताछ पर उसने स्वीकार भी किया कि वह अवैध असलहा लेकर आया था। आरोपी की तलाशी में पहले उसकी जेब से सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल .32 बोर और दो जिंदा कारतूस मिले। इसके बाद उसके कंधे पर लटका बैग खोलने पर पुलिस दंग रह गई। बैग से तीन और .32 बोर की पिस्टलें, (शेष पृष्ठ सात पर)

**चार पिस्टल, दो नाली बंदूक और 40 से अधिक कारतूस बरामद**

# हर माह की 5 तारीख तक सभी पेंशन अनिवार्य रूप से खातों में पहुँचेगी

## सीएम ने किया वन क्लिक से 13982.92 लाख की पेंशन किश्त का भुगतान, 9.38 लाख लाभार्थी हुए लाभान्वित

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री आवास में समाज कल्याण विभाग द्वारा "पेंशन किश्त का वितरण" कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने राज्यभर के पेंशन लाभार्थियों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री ने कड़े शब्दों में कहा कि समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत दी जाने वाली सभी पेंशन राशि प्रत्येक माह की 5 तारीख तक अनिवार्य रूप से लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुँचना सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी वृद्धजन, दिव्यांगजन, विधवा, किसान या कमजोर वर्ग को आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पेंशन भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने आज कार्यक्रम में वन क्लिक के माध्यम से माह नवंबर 2025 की 13982.92 लाख रुपये की पेंशन किस्त का भुगतान करते हुए 9,38,999 लाभार्थियों को प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया। उन्होंने विभाग को पेंशन योजनाओं की पूरी प्रणाली को और अधिक सरल, तेज, समयबद्ध और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य की सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ समाज के सबसे कमजोर, जरूरतमंद और वंचित वर्गों के लिए जीवनरेखा हैं; इसलिए इन योजनाओं की पारदर्शिता, सत्यापन और क्रियान्वयन सर्वोच्च प्राथमिकता पर होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पेंशन योजनाओं का आंतरिक ऑडिट नियमित रूप से किया जाए, ताकि किसी भी अयोग्य व्यक्ति को लाभ न मिले। उन्होंने कहा कि सरकार की सहायता उसी तक पहुँचे जो वास्तव में उसका पात्र है। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि समान प्रकृति वाली सभी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को इंटीग्रेशन के माध्यम से एकीकृत किया जाए, जिससे डुप्लीकेसी समाप्त हो और योजनाओं का लाभ तेजी से सही व्यक्ति तक पहुँचना सुनिश्चित हो सके।



मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी सरकारी समारोहों और कार्यक्रमों में स्थानीय उत्पादों को पूर्ण प्राथमिकता देने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह के स्मृति-चिह्न, उपहार या सम्मान सामग्री में उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों का ही उपयोग किया जाए। उन्होंने बुके की जगह "बुक" देने की नई परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इसे समय, धन और संसाधन बचत वाला नवाचार बताया। मुख्यमंत्री ने सभी कार्यक्रमों को अधिक सादगीपूर्ण बनाने की बात कहते हुए कहा कि यह न सिर्फ एक अच्छी प्रशासनिक परंपरा है बल्कि सुशासन व उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने वाला कदम भी है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, किसान पेंशन, परित्यक्ता पेंशन, भरण-पोषण अनुदान, तीर्थ पुरोहित पेंशन तथा बौना पेंशन-इन आठों योजनाओं के अंतर्गत 9.38 लाख से अधिक लाभार्थियों को प्रतिमाह पेंशन डीबीटी प्रणाली से सीधे खाते में भेजी जा रही है। डिजिटल लेन-देन की यह व्यवस्था न केवल पारदर्शिता और सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि इससे लाभार्थियों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से भी मुक्ति मिलती है। विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के लिए प्रतिवर्ष 13982.92 लाख रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है, जो सामाजिक सुरक्षा एवं जनकल्याण के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल इंडिया की सोच के अनुरूप उत्तराखंड की पेंशन प्रणाली अब एक आदर्श मॉडल के रूप में विकसित हो रही है, जहाँ पारदर्शिता, जवाबदेही और समय पर सेवा-तीनों सुनिश्चित हो रहे हैं। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान पेंशन भुगतान व्यवस्था राज्य में सुशासन की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है और सरकार के निर्देशों के अनुरूप इसे और अधिक मजबूत और जन-केंद्रित बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि जनसेवा ही शासन का वास्तविक उद्देश्य है, तथा पेंशन योजनाओं को बेहतर बनाना सरकार की निरंतर प्राथमिकता रहेगी। कार्यक्रम में सचिव श्रीधर बाबू अदाकी, अपर सचिव बंशीधर तिवारी सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# गन्ना मूल्य वृद्धि का शासनादेश हुआ जारी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्तराखण्ड गन्ने के राज्य परामर्शित मूल्य बढ़ाने की स्वीकृति के अनुपालन में शासन के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग अनुभाग के द्वारा शासनादेश निर्गत कर दिया गया है। मुख्यमंत्री की स्वीकृति के अनुसार पेराई सत्र 2025-26 के लिए प्रदेश की समस्त चीनी मिलों द्वारा क्रय किये जाने वाले गन्ने की अगेती प्रजातियों हेतु रू. 405 प्रति कुन्तल (मिल गेट पर) तथा सामान्य प्रजातियों हेतु रू. 395 प्रति कुन्तल (मिल गेट पर) का राज्य परामर्शित मूल्य निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि गत पेराई सत्र में राज्य में गन्ना की अगेती प्रजाति का राज्य परामर्शित मूल्य रू. 375 प्रति कुंतल तथा सामान्य प्रजाति का मूल्य रू. 365 प्रति कुंतल निर्धारित था। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के गन्ना किसानों के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लेने के साथ ही पेराई सत्र 2025-26 हेतु गन्ना का मूल्य बढ़ाए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी। मुख्यमंत्री श्री धामी ने किसान हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के अपनी प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा था कि गन्ना किसानों की आय बढ़ाना, उनकी उपज का उचित सम्मान सुनिश्चित करना तथा उन्हें सुविधाजनक, पारदर्शी और समयबद्ध भुगतान उपलब्ध कराना राज्य सरकार का दायित्व है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि क्रय केंद्रों पर किसी प्रकार की असुविधा न हो और भुगतान बिना देरी के सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ना का बढ़ा हुआ मूल्य न केवल गन्ना किसानों को राहत देगा, बल्कि राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा तथा गन्ना उत्पादन को प्रोत्साहन देने में सहायक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में सचिव गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग श्री रणवीर सिंह चौहान ने गन्ना का राज्य परामर्शित मूल्य बढ़ाए जाने के संबंध में शासनादेश जारी करते हुए कहा है कि चीनी मिलों के बाह्य क्रय केन्द्रों से गन्ने का परिवहन मिल तक कराये जाने के मद में होने वाली कटौती रू. 11 प्रति कुन्तल निधरित की जाएगी। पेराई सत्र 2025-26 हेतु उपरोक्तानुसार निर्धारित गन्ने का राज्य परामर्शित मूल्य राज्य की समस्त चीनी मिलों द्वारा देय होगा। पेराई सत्र 2025-26 हेतु निर्धारित उक्त दरों के अनुसार ही प्रदेश की चीनी मिलों द्वारा किसानों को भुगतान कराया जायेगा तथा भुगतान की सूचना मासिक रूप से शासन को उपलब्ध करायी जाएगी।

# दस साल की सेवा पूर्ण करने वाले संविदा कर्मियों को नियमितीकरण की सौगात

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार ने लंबे समय से नियमितीकरण का इंतजार कर रहे संविदा और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी है। राज्य सरकार ने शुक्रवार को उन कर्मचारियों को नियमित करने संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है, जो विभिन्न विभागों में लगातार दस वर्ष से सेवाएँ दे रहे हैं। इस कदम से हजारों कर्मचारियों के भविष्य को स्थायी सुरक्षा मिलने का रास्ता साफ हो गया है। सरकार द्वारा जारी दैनिक वेतन, कार्यप्रभारित, संविदा, नियत वेतन, अंशकालिक और तदर्थ कार्मिकों का विनियमितीकरण (संशोधन) नियमावली-2025 में स्पष्ट किया गया है कि ऐसे सभी कर्मचारी, जिन्होंने 4 दिसंबर 2018 तक अपने पद या समकक्ष पद पर निरंतर 10 वर्ष की सेवा पूरी की है, वे नियमितीकरण के पात्र माने जाएंगे। अधिसूचना सचिव कार्मिक शैलेश बगोली द्वारा जारी की गई। इस फैसले के बाद राज्य के विभिन्न विभागों में वर्षों से तैनात संविदा, दैनिक वेतनभोगी,



कार्यप्रभारित और नियत वेतन पर नियुक्त कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। लंबे समय से नियमितीकरण की मांग कर रहे कर्मचारियों को अब उम्मीद है कि जल्द ही उनके स्थायी नियुक्ति आदेश भी जारी होंगे। सरकार के इस निर्णय को कर्मचारियों के हित में लिया गया बड़ा कदम माना जा रहा है, जो न केवल उनके मनोबल को बढ़ाएगा, बल्कि विभागों को भी अनुभवी मानव संसाधन स्थायी रूप से उपलब्ध कराएगा। उत्तराखंड में संविदा व्यवस्था से बाहर निकलकर स्थायी नौकरी की चाह रखने वाले कर्मचारियों के लिए यह अधिसूचना बड़ी राहत लेकर आई है। जबकि उपरोक्त संशोधन से पूर्व यह व्यवस्था थी कि नियमावली में उल्लिखित अन्य शर्तें पूर्ण करने पर दैनिक वेतन, कार्यप्रभारित, संविदा, नियत वेतन, अंशकालिक तथा तदर्थ रूप से नियुक्त वे कार्मिक विनियमितीकरण के पात्र थे, जिन्होंने वर्ष 2013 की नियमावली के प्रख्यापन की तिथि को इस रूप में कम से कम पाँच वर्ष की निरंतर सेवा उस पद या समकक्ष पद पर पूर्ण कर ली हो।

# विश्व हिन्दू परिषद ने फहराया भगवा ध्वज

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विश्व हिन्दू परिषद ने गीता जयंती के अवसर पर इंदिरा चौक पर भगवा ध्वज फहराया। इस दौरान इंदिरा चौक भारत माता की जयकारों से गूंज उठा। शनिवार को विश्व हिन्दू परिषद के तत्वावधान में कार्यकर्ता एकजुट हुए। यहां पर कार्यकर्ताओं ने भारत माता के जयकारे लगाए और चौक पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व हिन्दू परिषद ने 6 दिसंबर को गीता जयंती के शुभ अवसर पर भागवत ध्वज फहराया।



इस दौरान भारत माता के जयकारों से गूंज उठा। इस कार्यक्रम में हिंदूवादी नेता बिट्टू शर्मा,सुल्तान सिंह, हरीश यादव, गौरव मिश्रा,राजू कोहली, त्रिलोचन सिंह, अजय मोरिया, राजू गुप्ता, बिट्टू वाल्मीकि,रमेश कोहली आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड के सरकारी अस्पतालों में सुधार की दी जानकारी

नई दिल्ली। लोकसभा सत्र में नैनीताल-उधम सिंह नगर सांसद और पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट ने उत्तराखंड के सरकारी अस्पतालों की स्थिति और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा से सवाल किया। सांसद ने जानना चाहा कि क्या राज्य के अस्पतालों की स्थिति चिंताजनक है और केंद्र सरकार किस तरह की योजनाएँ और बजट प्रदान कर रही है। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने बताया कि स्वास्थ्य राज्य का विषय है, और बुनियादी सेवाएँ प्रदान करने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है। केंद्र सरकार तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के सभी सरकारी अस्पताल भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक 2022 के अनुसार संचालित हैं। एनएचएम कार्यक्रम के तहत राज्य के 2,355 उप-स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उन्नत किए गए हैं, जिससे कुल 1,80,906 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालन में हैं। नि:शुल्क निदान सेवा और पीएम-एबीएचआईएम के तहत 215.79 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इसके अलावा पंद्रहवें वित्त आयोग और ECRP&II योजना के तहत राज्य को स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त अनुदान भी दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में डॉक्टरों को वित्तीय और गैर-आर्थिक प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। एमबीबीएस पाठ्यक्रम में फैमिली एडॉप्शन प्रोग्राम, पीजी छात्रों की जिला अस्पतालों में तैनाती और विशेषज्ञों को दुर्गम क्षेत्र भत्ता जैसी पहलें लागू हैं। नड्डा ने स्पष्ट किया कि केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त पहल से उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुँच में सुधार होगा।

# संसद में गूँजा गढ़वाल में बढ़ते जंगली जानवरों के हमलों का मुद्दा

## सांसद अनिल बलूनी और महेंद्र भट्ट ने केंद्र सरकार से की त्वरित कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली/देहरादून। पौड़ी गढ़वाल से सांसद अनिल बलूनी ने उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों, विशेषकर गढ़वाल में लगातार बढ़ रहे जंगली जानवरों के हमलों का मुद्दा शुक्रवार को लोकसभा में गंभीरता से उठाया। उन्होंने कहा कि भालू और गुलदार के हमले तीव्र गति से बढ़ रहे हैं, जिसके कारण आम जनमानस भय के साये में जीने को मजबूर है। सांसद ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में वन्यजीवों के हमलों के चलते नागरिकों की मौतें और घायल होने की घटनाएँ लगातार सामने आ रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि लोगों का घर से बाहर निकलना, बच्चों का स्कूल जाना और महिलाओं का





जंगल की ओर जाना जोखिम भरा हो गया है।उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में व्याप्त मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए त्वरित एवं प्रभावी रणनीति बनाई जाए और ठोस कदम उठाए जाएँ।अनिल बलूनी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उन्होंने इस मुद्दे को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के समक्ष भी रखा था, ताकि बढ़ते हमलों पर तत्काल नियंत्रण के उपाय किए जा सकें। सांसद ने उत्तराखंड वन विभाग के पीसीसीएफ से भी आग्रह किया है कि जंगली जानवरों के हमलों की स्थिति की नियमित समीक्षा की जाए और प्रतिदिन की रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए, ताकि हालात पर नियंत्रण रखा जा सके। उन्होंने कहा, "जनसुरक्षा सर्वोपरि है। इस विषय पर ठोस और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए मैं लगातार प्रयासरत हूँ।"

वहीं राज्य सभा सांसद महेंद्र भटट ने भी राज्यसभा में वन्य जीवों के हमलों को लेकर मुद्दा उठाया। महेंद्र भटट ने राज्यसभा के शून्य काल के दौरान उत्तराखंड में वन्यजीवों (गुलदार, बाघ, भालू) के अत्यधिक हमलों से हो रही मानव क्षति की ओर केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार से वन्य जीवों से लोगों की सुरक्षा हेतु विशेष कार्य योजना तैयार करने व वन्यजीवों के हमले से मृत लोगों के परिजनों को राज्य सरकार के साथ-साथ केंद्रीय सहायता का प्रावधान किये जाने तथा घायलों के संपूर्ण उपचार के लिए केंद्र सरकार द्वारा निशुल्क उपचार की नीति बनाये जाने की मांग की।

# नगर निगम ने दी 10 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

## विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों के टेंडर जारी, शहर का बुनियादी ढांचा होगा मजबूत

रुद्रपुर। नगर निगम रुद्रपुर ने शहरवासियों को बड़ी सौगात देते हुए 10 करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं को हरी झण्डी दे दी है। विभिन्न वार्डों में सड़कों, नालियों, सौंदर्यीकरण एवं सामुदायिक सुविधाओं को मजबूती देने हेतु निगम ने टेंडर प्रक्रियाएं आरंभ कर दी हैं। शीघ्र ही इन सभी परियोजनाओं पर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। महापौर विकास शर्मा ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि पार्षदों के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों एवं जन सामान्य से प्राप्त हुए सुझावों का परीक्षण कर नगर निगम ने व्यापक पैमाने पर विकास कार्यों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए करीब 10.48 करोड़ रुपये की योजनाओं का खाका तैयार है, जिनमें 71 बड़े विकास कार्य तथा ढाई लाख से कम लागत के 79 छोटे कार्य शामिल हैं। महापौर विकास शर्मा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के प्रति गहरा आभार व्यक्त करते हुए कहा रुद्रपुर में जो भी विकास योजनाएँ चल रही हैं, वे मुख्यमंत्री धामी जी की दूरदृष्टि और प्रतिबद्धता का परिणाम हैं। शहर के व्यापक विकास का श्रेय उनका ही है। इस क्षेत्र से मुख्यमंत्री धामी का विशेष लगाव रहा है, जो भी योजनाएं यहां से शासन को भेजी जाती है उन्हें प्राथमिकता दी जाती है। मुख्यमंत्री धामी द्वारा दिए जा रहे निरंतर सहयोग से ही नगर निगम रुद्रपुर शहर को एक आधुनिक और व्यवस्थित नगरी के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। महापौर शर्मा ने बताया कि दस करोड़ से अधिक के जो कार्य नगर निगम कराने जा रहा है इन योजनाओं का प्रमुख उद्देश्य शहर के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करना और नागरिकों के जीवन स्तर में ठोस सुधार लाना है। विशेष रूप से सड़कों और जल-निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा, जिससे आवागमन सुचारू होगा और कई बस्तियों में वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्याओं से राहत मिलेगी। इसके अलावा, सौंदर्यीकरण, सामुदायिक स्थलों के उन्नयन एवं अन्य नगरीय सुविधाओं को भी विस्तार दिया जाएगा।महापौर ने कहा कि विकास कार्यों की गति किसी भी हाल में थमने नहीं दी जाएगी, और निगम ने सभी परियोजनाओं को पूर्ण पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा करने का संकल्प लिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन कार्यों के पूर्ण होने से रुद्रपुर के चहुंमुखी विकास को नई दिशा मिलेगी। महापौर ने बताया कि प्रस्तावित कार्यों में दस काम ऐसे हैं जो 20 लाख से अधिक लागत के हैं। जिसमें 24 .65 लाख लागत से न्यायालय परिसर में इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य, वार्ड 32 हंस विहार में 24.89 लाख की लागत से बिष्ट जी के घर से से फौजी साहब तक आरसीसी रोड व नाली निर्माण, विभिन्न वार्डों में 24.66 लाख की लागत से सड़कों की मरम्मत के लिए जीएसबी भरान, वार्ड 23 में 24.24 लाख की लागत से जोगेंद्र किराना स्टोर से पप्पू टेलर्स तक सड़क व नाली निर्माण, वार्ड 25 में 24 लाख की लागत से गोपी से विजेंद्र तक सीसी रोड व नाली निर्माण, वार्ड 14 भदईपुरा में दो स्थानों पर 22.46 लाख की लागत से सीसी रोड व नाली निर्माण, मौदी मैदान में 21.05 की लागत से व्यू कटर लगाने का कार्य, वार्ड 17 में 20.59 लाख की लागत से मेवा लाल पाल से अकील खां तक सीसी रोड व नाली निर्माण, वार्ड 7 में 20.39 लाख की लागत से सागर के घर से कल्याणी नदी तक सीसी रोड का निर्माण, वार्ड 4 ट्रांजिट कैम्प में 20.05 की लागत से राधा कृष्ण मंदिर परिसर में कोटा स्टोन लगाने का कार्य शामिल हैं। इसके अलावा अन्य कार्यों में- वार्ड 4- ट्रांजिट कैम्प पश्चिमी-गुरुकुल स्कूल से सन्यासी सरकार के घर तक सीसी रोड व नाली-7.31 लाख,वार्ड 5-शिव गोलदार से अशोक विश्वास घर तक सीसी रोड-5.09 लाख,वार्ड 6 प्रेमनगर-संदीप गुप्ता से छोटे लाल घर तक सीसी रोड व नाली-5.69 लाख,वार्ड 7 आजादनगर-जयओम से चेतराम तक सड़क व नाली-4.27 लाख,वार्ड 8 शिवनगर-क्षेत्रपाल से तुलसीराम तक सीसी रोड व नाली-2.84 लाख,वार्ड 9 शिवनगर-प्रकाश दास से राजकुमार तक सीसी रोड व नाली-3.48 लाख,वार्ड 11 संजयनगर-प्रमोद गुप्ता से श्रीराम बैरागी घर तक सीसी रोड-3.43 लाख,वार्ड 14-योगेन्द्र शर्मा से राकेश सिंह तक सीसी सड़क-9.36 लाख,वार्ड 18-मकसूद शाह से यूनुस सती तक सीसी सड़क-6.77 लाख,वार्ड 19 खेडा उत्तरी-शारदा से विमल होते हुए विक्रांत तक सीसी सड़क-7.66 लाख,वार्ड 20-यादराम से सोमेश्वर तक सीसी रोड-7.16 लाख,वार्ड 21 भूतबंगला-सस्ता गल्ला रोड से आटा चक्की तक सीसी रोड-6.71 लाख,वार्ड 22-वाल्मीकि भवन से रामप्रसाद तक सीसी रोड-6.74 लाख,वार्ड 24 रम्पुरा-मदन से जे. नारायण तक सीसी सड़क-8.36 लाख,वार्ड 25 प्रीत विहार-रनवीर सिंह चौहान से अवतार सिंह तक सीसी रोड व नाली-5.43 लाख,वार्ड 33 सिंह कालोनी-पाण्डे जी घर से गली 3 मोड़ तक सीसी सड़क व पुलिया-5.84 लाख,वार्ड 37 रविन्द्रनगर-खितिज राय से संकर गोलदार तक सीसी सड़क व नाली-3.87 लाख,के.के. होटल के सामने त्रिशूल चौक निर्माण-18.66 लाख,वार्ड 33-स्व. हरिराज सिंह चौहान मार्ग में स्मृति द्वार निर्माण-17.68 लाख,वार्ड 3 गांधी नगर-रमेश पाल से मोहन लाल तक सीसी रोड व नाली-9.60 लाख,वार्ड 3 गांधी नगर-दर्शन जी से लाखन जी तक सीसी रोड व नाली-7.62 लाख,वार्ड 4 आजाद नगर-सुकुमार तरफदार से श्रीकांत विश्वास तक सीसी सड़क व नाली-7.99 लाख,वार्ड 6 प्रेमनगर-संदीप से बॉबी घर तक सीसी रोड व नाली-14.41 लाख,वार्ड 8-विजय राजपूत से बबलु रस्तोगी तक सड़क व नाली-5.33 लाख,वार्ड 9-लालता प्रसाद से रामपाल कश्यप तक सड़क व नाली-6.02 लाख,वार्ड 10-भूपराम से लक्ष्मण गुप्ता तक सड़क-8.10 लाख,वार्ड 11-महेश शर्मा से रामनिवास सागर तक सड़क-6.76 लाख,वार्ड 12-शिव मंदिर में छत निर्माण-14.80 लाख,वार्ड 13 दुधियानगर-हरीश से अशोक तक सीसी रोड-11.35 लाख,वार्ड 16 शांति कालोनी-सामुदायिक भवन-19.19 लाख,वार्ड 18-केसरी अली से पुत्तन पहलवान तक सड़क व नाली-19.78 लाख,वार्ड 20-सईद से शकील तक सीसी रोड व नाली-14.72 लाख,वार्ड 22-गौतम वाल्मीकि से मुकेश तक सीसी रोड-8.97 लाख,वार्ड 22-केदार जी से भगवान दास तक सीसी रोड-4.32 लाख,वार्ड 24-हरि शंकर से टेकचन्द तक नाली व सीसी रोड-6.34 लाख,वार्ड 27-मस्जिद वाली गली में सीसी रोड व नाली-9.27 लाख,वार्ड 30-पुराने नवरंग वाली गली में सड़क-13.49 लाख,वार्ड 32 भूरारानी में राधेश्याम चुघ स्मृति द्वार-19.98 लाख,वार्ड 34-रामलीला मैदान के सामने टिनशेड सौंदर्यीकरण-3.85 लाख,वार्ड 35 इन्द्रा कालोनी-देवू मंडल से काशीनाथ हाजरा तक सीसी रोड व स्लैब-19.27 लाख,वार्ड 36-शहीद राम कुमार आर्या पार्क सौंदर्यीकरण-6.69 लाख,वार्ड 37-मनकामेश्वर मंदिर में टाइल्स निर्माण-12.60 लाख,वार्ड 39-महादेव पार्क मरम्मत व मंदिर गुम्बद-11.85 लाख,वार्ड 40-कलेक्ट्रेट परिसर मंदिर में टिनशेड-3.30 लाख,वार्ड 1-श्मशान घाट में सुरक्षा दीवार व कमरा-15.52 लाख,वार्ड 5-चिन्तामणि से सुनील के घर तक सीसी मार्ग व नाली-6.88 लाख,वार्ड 5-श्याम गली में सुरेन्द्र से आनंद ढाली के घर तक सीसी रोड-9.27 लाख,वार्ड 21 रम्पुरा-अनिल कोली से सलीम डिपो तक सड़क-7.64 लाख,वार्ड 27 गांधी कॉलोनी-वसीम से नजाकत अली तक नाला व आरसीसी स्लैब-8.56 लाख,वार्ड 29-सुभाष चौक में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की मूर्ति-19.16 लाख,वार्ड 31-अग्रवाल हॉस्पिटल के पास फुटपाथ व नाली-6.48 लाख,वार्ड 2-प्रेमपाल से हरीश शुक्ला तक सीसी रोड व नाली-5.17 लाख,वार्ड 2 कृष्णा कालोनी-कोमल क्लीनिक से निर्भय गंगवार तक सीसी रोड व नाली-5.98 लाख,वार्ड 5-आयुष डेरी से हसीम तक सीसी मार्ग व नाली-5.70 लाख, वार्ड 5-रंजन सिंह से राजेंद्र तक सीसी मार्ग व नाली-5.98 लाख,वार्ड 8-लक्ष्मी ब्यूटी पार्लर से उत्तम विश्वास तक सीसी रोड व नाली-5.31 लाख,वार्ड 21 रम्पुरा-बिट्टू शर्मा से राकेश गुप्ता तक सीसी सड़क व पुलिया-5.75 लाख,वार्ड 28 मॉडल कालोनी-शनिदेव मंदिर से राजकुमार जैन तक सीसी रोड-5.44 लाख,वार्ड 26 मॉडल कालोनी-गुरमीत से संजीव गुप्ता तक सीसी रोड व नाली व पुलिया-3.22 लाख,वार्ड 26 मॉडल कालोनी-मेजर सिंघल से सुनील ठुकराल तक सीसी रोड-3.25 लाख, वार्ड 40-सैनिक कल्याण विभाग परिसर में शौचालय-4.22 लाख,इसके अलावा विभिन्न वार्डों में ढाई लाख से कम लागत के कुल 1.71 करोड़ के 79 विकास कार्यशामिल हैं। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए महापौर ने कहा कि नैनीताल रोड स्थित ग्रीन बेल्ट से जल्द ही अतिक्रमण हटाकर सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा, शहर में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।



# बनभूलपुरा रेलवे अतिक्रमण मामले की सुनवाई को लेकर प्रशासन चौकस

## रेलवे भूमि से अतिक्रमणारियों को हटाने को लेकर लगी अंतरिम रोक पर दस दिसम्बर को आ सकता है सुप्रीम कोर्ट का फैसला

देहरादून/हल्द्वानी। दस दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में हल्द्वानी बनभूलपुरा रेलवे अतिक्रमण मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस की अदालत में होनी है। ऐसा बताया जा रहा है कि सीजेआई इस दिन इस मामले में अपना फैसला सुना सकते है। पिछली 2 दिसंबर की तारीख के दिन भर एसआईआर को लेकर सुनवाई लंबी खींच जाने की वजह से इस मामले की सुनवाई अगली दस दिसंबर तक टल गई थी। दो दिसंबर की तरह दस दिसंबर को भी पुलिस प्रशासन ने बनभूलपुरा क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा जारी रखने के लिए उच्च स्तरीय बैठक करके अपनी कार्य योजना बना ली है। याचिका में दायर करने वालों ने मुख्यत: निम्न दलीलें दी थीं कि यह लोग दशकों से (कुछ परिवारों ने तो आजादी से पहले भी) उस जमीन पर रह रहे हैं और उनकी पहचान स्थानीय प्रशासन और रिकॉर्ड में दर्ज है, उन्होंने लंबे समय से टैक्स/भाड़ा आदि दिया है। याचिका में यह दावा किया गया था कि खाली करने का आदेश अचानक और बिना उचित पुनर्वास योजना के नहीं होना चाहिए। यह भी तर्क दिया गया था कि इलाके में कई मकान, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र आदि वर्षों से रह रहे थे अर्थात सामाजिक बुनियादी सुविधाएँ भी थे। इस प्रकार, याचिका का मूल आधार था "लंबे समय से रहने वाले लोगों का अधिकार, सामाजिक-मानवीय आधार, और बिना पुनर्वास सुनिश्चित किए अतिक्रमण नहीं हटाया जाए। जनवरी 2023 में, जब पहले उच्च न्यायालय नैनीताल ने अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था, तब बनभूलपुरा के स्थानीय लोग , सुप्रीम कोर्ट पहुँचे। सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल प्रशासन की ध्वस्तीकरण करवाई पर रोक लगाई यानी "रातों-रात हजारों लोगों को बेघर नहीं किया जा सकता" कहकर स्टे दिया गया। बाद में,24 जुलाई 2024 को SC ने एक महत्वपूर्ण आदेश दिया: उसने कहा कि काबिज लोगों को हटाने की कारवाई से पहले पुनर्वास योजना" बनाई जाए प्रभावित लोगों के पुनर्वास की रूपरेखा तय होनी चाहिए। कोर्ट ने निर्देश दिया कि पहले यह निर्धारित किया जाए कि रेलवे को जमीन का वह हिस्सा कितनी चौड़ाई/लंबाई में चाहिए, कौन-कौन परिवार प्रभावित होंगे, और उन्हें कहाँ पुनर्वास (नया आवास / वैकल्पिक जमीन) दी जाएगी ? इसके लिए उत्तराखंड सरकार, केंद्र, रेलवे और आवास मंत्रालय (या संबंधित विभाग) को एक बैठक बुलाने और चार सप्ताह के अंदर पुनर्वास योजना पेश करने को कहा गया था। रेलवे ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर कहा है कि "उनके पास ऐसी कोई नीति नहीं है" जिसके तहत अतिक्रमणकारियों के पुनर्वास या मुआवजे की व्यवस्था हो। रेलवे और राज्य की दलील है कि यह जमीन रेलवे की भूमि है। 1959 रेलवे भूमि योजना और 1972 में राज्य द्वारा भूमि की पुष्टि की गई और कब्जा अवैध है। याचिकाकर्ताओं का तर्क कि उन्होंने दशकों से रहकर नगरपालिका टैक्स/हाउस टैक्स दिया है, रेलवे द्वारा गैस, पानी कनेक्शन दिए गए थे, उन्हें आधार कार्ड समेत पते से स्वीकार किया गया इस दावे को रेलवे ने वैधानिक कब्जा नहीं माना। सुप्रीम कोर्ट ने पहले ध्वस्तीकरण पर रोक लगाई, फिर 2024 में पुनर्वास योजना का आदेश दिया। पुनर्वास योजना बनाना राज्य व केंद्र की जिम्मेदारी माना गया मगर रेलवे ने साफ कहा कि उनकी कोई नीति नहीं है -यानी पुनर्वास या मुआवजा देने की कोई व्यवस्था नहीं। मामले में सुनवाई अब भी जारी है ।मीडिया रिपोर्ट 2025 में संकेत देती हैं कि सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। यानी, अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं आया है कि कारवाई होगा या नहीं लेकिन कारवाई से पहले पुनर्वास व संभावित सुविधा देने पर जोर है। रेलवे और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने से नए रेल प्रोजेक्ट नहीं आ रहे और अन्य विषयों पर हाई कोर्ट में याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता रविशंकर जोशी बताते हैं कि बनभूलपुरा और गफूरबस्ती क्षेत्र में रेलवे भूमि से अतिक्रमण हटाने को लेकर वर्ष 2007 में भी हाईकोर्ट ने आदेश पारित किए थे। तब प्रशासन ने 2400 वर्गमीटर भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया था। 2013 में उन्होंने गौला नदी में हो रहे अवैध खनन और गौला पुल के क्षतिग्रस्त होने के मामले में हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान रेलवे भूमि के अतिक्रमण का मामला फिर से सामने आ गया। 9 नवंबर 2016 को कोर्ट ने याचिका निस्तारित करते हुए रेलवे को दस सप्ताह के भीतर समस्त अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद अतिक्रमणकारियों और प्रदेश सरकार ने हाईकोर्ट में एक शपथ पत्र देकर उक्त जमीन को प्रदेश सरकार की नजूल भूमि बताया लेकिन 10 जनवरी 2017 को कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया, श्री जोशी बताते हैं कि इसके विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में कई विशेष याचिकाएं दाखिल हुई। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने अतिक्रमणकारियों और प्रदेश सरकार को निर्देश दिए कि वह अपने व्यक्तिगत प्रार्थना पत्र 13 फरवरी 2017 तक हाईकोर्ट में दाखिल करें और इनका परीक्षण हाईकोर्ट करेगा। इसके लिए तीन माह का समय दिया गया। छह मार्च 2017 को कोर्ट ने रेलवे को अप्राधिकृत अधिभोगियों की बेदखली अधिनियम 1971 के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए लेकिन तब भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर याचिकाकर्ता जोशी ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की। रेलवे और जिला प्रशासन ने हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखा लेकिन कब्जा तब भी नहीं हटा। श्री जोशी ने बताया कि 21 मार्च 2022 को हाईकोर्ट में एक और जनहित याचिका दायर कर कर कहा कि रेलवे अपनी भूमि से अतिक्रमण हटाने में नाकाम साबित हुआ है। 18 मई 2022 को कोर्ट ने सभी प्रभावित व्यक्तियों को अपने तथ्य न्यायालय में रखने के निर्देश दिए लेकिन अतिक्रमणकारी उक्त भूमि पर अपना अधिकार साबित करने में विफल रहे। 20 दिसंबर 2022 को कोर्ट ने फिर से रेलवे को अतिक्रमणकारियों को हफ्ते भर का नोटिस जारी करते हुए अतिक्रमण हटाने संबंधी निर्देश दिए। बाद में यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया जहां अब आगामी दस दिसंबर इस पर सुनवाई होनी है।





# सीएम ने शहीद सैनिकों के परिजनों को किया सम्मानित

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सहस्त्रधारा रोड, स्थित एक होटल में उत्तराखंड अनन्य सम्मान कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शहीद सैनिकों के परिजनों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शहीदों के परिजनों का संघर्ष, पीड़ा और देश के प्रति अटूट निष्ठा हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा देवभूमि उत्तराखंड वीरभूमि के रूप में भी जाना जाता है। प्रदेश के लगभग प्रत्येक परिवार का सदस्य सेना या अर्ध सैनिक बलों से जुड़ा हुआ है। उत्तराखंड के वीर सपूतों ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर मातृभूमि की रक्षा की है।मुख्यमंत्री ने कहा वे स्वयं एक फौजी के बेटे हैं, इसलिए उनके हृदय में शहीदों और उनके परिवारों के प्रति हमेशा से गहरी संवेदनशीलता, सम्मान और समर्पण की भावना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार ने शहीदों की वीरता और बलिदान को नमन करते हुए शहीदों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 50 लाख रुपए किया है। मुख्यमंत्री ने कहा सेना में परमवीर चक्र से लेकर मेन्सन इन डिस्पैच तक सभी वीरता पुरस्कारों से अंलकृत सैनिकों को दी जाने वाली एकमुश्त तथा वार्षिक धनराशि में भी अभूतपूर्व वृद्धि की है। बलिदानियों के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी में समायोजित करने का भी निर्णय लिया है और सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करने की अवधि को भी 2 वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष किया है। मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश में बलिदानियों के आश्रितों के लिए नौकरी पूर्व प्रशिक्षण तथा पुत्री विवाह अनुदान जैसी योजनाएं भी संचालित कर रहे हैं। राज्य में वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों और पूर्व सैनिकों हेतु सरकारी बसों में यात्रा की निःशुल्क व्यवस्था करने के साथ ही सेवारत व पूर्व सैनिकों हेतु 25 लाख रुपए की सम्पत्ति की खरीद पर स्टाम्प ड्यूटी में 25 प्रतिशत की छूट भी प्रदान की जा रही है। पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों को भी अचल सम्पत्ति की खरीद पर स्टाम्प शुल्क में 25 प्रतिशत तक की छूट देने की व्यवस्था की है।मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार, देहरादून के गुनियाल गांव में भव्य सैन्य धाम का निर्माण करवा रही है। जो प्रत्येक उत्तराखंडी के लिए एक पावन स्थल होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के साथ सेना को अत्याधुनिक संसाधनों से युक्त भी किया जा रहा है। देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कई देशों को रक्षा उपकरणों और संसाधनों का निर्यात भी कर रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी, विधायक श्री उमेश शर्मा काऊ, मैनेजिंग एडिटर जी न्यूज श्री राहुल सिन्हा एवं अन्य लोग मौजूद रहे।






# स्व. करतार देवी मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट में पहले दिन रोमांचक मुकाबले

रूद्रपुर। होली चाइल्ड स्कूल में स्वर्गीय करतार देवी अंतर-विद्यालयी बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप में रुद्रपुर, हल्द्वानी, भीमताल, सितारगंज और आसपास के क्षेत्रों के 11 साल से कम आयु वर्ग एकल एवं युगल कुल 22 स्कूलों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। अंडर-11 वर्ग में आयोजित इस चौंपियनशिप में 150 से अधिक प्रतिभाशाली छात्र बैडमिंटन के एकल और युगल दोनों मुकाबलों में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। यह आयोजनएक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुआ, जिसमें होली चाइल्ड स्कूल के वाइस चेयरमैन श्रीमान विकास बत्रा जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह में पारंपरिक दीप प्रज्वलन किया गया, जो इस चौंपियनशिप के ज्ञान और खेल भावना का प्रतीक है। समारोह का एक विशेष आकर्षण विद्यालय के संरक्षक योगराज बत्राजी और विनय बत्रा द्वारा खेला गया उद्घाटन मैच था, जिसने पूरी चैंपियनशिप के लिए एक उत्साहपूर्ण माहौल तैयार कर दिया। विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागियों ने पूरे दिन बैडमिंटन में अपने कौशल और जुनून का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों का मन मोह लिया और खेल भावना का सच्चा सार प्रस्तुत किया। बैडमिन्टन प्रतियोगिता के सिंगल्स में 11 वर्ष से कम आयु, बालिका वर्ग में आर्नवी तिवारी (आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल, भूरारानी) ने प्रथम स्थान, ख्वाइश जुनेजा (अमेनिटी पब्लिक स्कूल, रूद्रपुर) ने द्वितीय स्थान, आराध्या मिर्दिया (आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल, डिबडिबा) ने तृतीय स्थान तथा बालक वर्ग में आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल, भूरारानी के आरव चौहान ने प्रथम स्थान व हर्षित रावत ने द्वितीय स्थान तथा के.पी. स्कूल ने तृतीय स्थान अर्जित किया। डबल्स में 11 वर्ष से कम आयु, बालिका वर्ग में आर्नवी तिवारी और आराध्या मिर्दिया (आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल, भूरारानी) ने प्रथम स्थान, ख्वाइश जुनेजा और तराशा जुनेजा (अमेनिटी पब्लिक स्कूल, रूद्रपुर) ने द्वितीय स्थान, सर्गुन बाँगा और अराध्या सक्सेना (होली चाइल्ड स्कूल, बिलासपुर) ने तृतीय स्थान तथा बालक वर्ग में वर्ग में हर्षित चौहान और आरव चौहान (आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल, भूरारानी) ने प्रथम स्थान, अगमवीर और आदित्य (दिल्ली पब्लिक स्कूल, रूद्रपुर) ने द्वितीय स्थान, उत्कर्ष चौहान और युवराज जायसवाल (होली चाइल्ड स्कूल, बिलासपुर) ने तृतीय स्थान अर्जित किया। संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एम.डी. श्रीमति पूजा बत्रा, विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक) श्रीमति मंजू अधिकारी, टूर्नामेंट के व्यवस्थापक सुधाकर सिंह (एच.ओ.डी.-फिजिकल एजूकेशन) स्पोर्ट्स अकाॅदमी के क्षेत्रीय अधिकारी व कोच तथा सभी स्कूलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




# निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर आयोजित

गदरपुर। वार्ड नंबर 4 श्री राम धर्मशाला में भैरव सेना, बल्देवराज सनातन संस्कार केन्द्र एवं नन्दा वाहिनी द्वारा उजाला अस्पताल काशीपुर के सहयोग से एक विशाल निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर 'मिंटू' द्वारा किया गया। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने अपनी आँखों की जांच करवाई। उजाला अस्पताल काशीपुर से विभिन्न नेत्र रोगों की जांच कर मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया। इस अवसर पर वार्ड नंबर 4 के सभासद अश्वनी कुमार, संतोष श्रीवास्तव, आकाश कोचर, गोपाल कश्यप, मनोज पांडे, विषद अरोरा सहित सम्मानित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि इस प्रकार के शिविर आगे भी समय-समय पर लगाए जाते रहेंगे, ताकि क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएँ आसानी से उपलब्ध हो सकें।






# वैज्ञानिक पुलिस अन्वेषण तकनीक का किया डेमो

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री उत्तराखंड के 'वैज्ञानिक पुलिस अन्वेषण' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में पुलिस कार्यालय रुद्रपुर में एक महत्वपूर्ण तकनीकी प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर श्री मणिकांत मिश्रा की मौजूदगी में हुए इस कार्यक्रम में जनपद के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आधुनिक वैज्ञानिक जांच प्रणालियों से रूबरू कराया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस कर्मियों की तकनीकी दक्षता को बढ़ाना तथा अपराध अन्वेषण में वैज्ञानिक पद्धतियों के अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित करना था, ताकि जांच अधिक प्रभावी, त्वरित और सटीक हो सके।कार्यक्रम के दौरान सीओ सिटी रुद्रपुर प्रशांत कुमार ने घटनास्थल पर फिंगरप्रिंट लिए जाने की पूरी प्रक्रिया का विस्तृत प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर ली गई उंगलियों के निशान अपराध की दिशा तय करने में सबसे महत्वपूर्ण वैज्ञानिक साक्ष्य होते हैं, इसलिए उन्हें संरक्षित करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही जांच को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। मास्टर ट्रेनर महिला कांस्टेबल डॉली जोशी ने पुलिस मुख्यालय से संचालित प्रमुख तकनीकी प्रणालियों की कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि NAFIS यानी नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम अपराधियों के फिंगरप्रिंट का एक राष्ट्रीयकृत डेटाबेस है, जिससे संदिग्धों की पहचान त्वरित और त्रुटिरहित तरीके से संभव हो पाती है। वहीं NATGRID यानी नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड विभिन्न एजेंसियों के डेटा को सुरक्षित रूप से एकीकृत करने वाला महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म है, जो गंभीर और संगठित अपराधों की जांच को अधिक प्रभावी बनाता है और आवश्यक खुफिया जानकारी तक सुगम पहुँच प्रदान करता है। प्रशिक्षण के दौरान MCU (मोबाइल क्राइम यूनिट) की प्रक्रियाओं के साथ-साथ घटनास्थल से एकत्रित चांस प्रिंट को वैज्ञानिक रूप से संरक्षित करने के तरीकों पर भी विस्तृत प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने बताया कि आधुनिक तकनीकों का उपयोग पुलिस जांच को न केवल अधिक वैज्ञानिक बनाता है बल्कि न्यायिक प्रक्रिया को भी मजबूती प्रदान करता है।




# 26 लाख लोगों के राशन कार्ड का सत्यापन नहीं हुआ

देहरादून। प्रदेश में लाखों लोगों का सरकारी राशन की दुकान से मिलने वाला राशन बंद होगा। 26 लाख लोगों का अब तक सत्यापन नहीं हुआ। 30 नवंबर तक इनका सत्यापन होना था, लेकिन इतनी बड़ी संख्या में लोगों के छूट जाने पर विभाग की ओर से ईकेवाईसी के लिए तिथि बढ़ाकर 15 दिसंबर कर दी गई है। सरकार का उद्देश्य है कि हर पात्र लाभार्थी तक सही मात्रा में राशन पहुंच सके और कोई भी फर्जी पहचान का उपयोग न कर सके। इसके लिए प्रदेश भर में लाभार्थियों का सत्यापन कराया जा रहा है।विभाग की ओर से इसके लिए निर्देश जारी किया गया था कि हर हाल में 30 नवंबर तक ईकेवाईसी करा ली जाए। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इसके लिए पूर्व में तय अंतिम तिथि के बाद भी 26 लाख लोगों का सत्यापन नहीं हुआ। अब 15 दिसंबर तक के लिए तिथि बढ़ाई गई है, लेकिन इस तिथि तक इतनी बड़ी संख्या में लोगों का सत्यापन उसके लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रेवाधर बृजवासी बताते हैं कि इतने कम समय में इतने लोगों की ईकेवाईसी संभव नहीं है। राज्य के कई लोग पढ़ाई और रोजगार के लिए अन्य राज्यों में अस्थाई रूप से रह रहे हैं। जबकि कुछ दिव्यांग और वृद्ध हैं। इसमें कुछ ऐसे भी हो सकते हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी है, लेकिन उनके नाम अब भी राशन कार्ड में दर्ज हैं।सत्यापन के दौरान यदि कोई राशन कार्डधारक अपात्र पाया जाता है, तो उसके खिलाफ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 और आवश्यक वस्तु अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई हो सकती है।खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रेखा आर्या के मुताबिक यदि कोई दिव्यांग और बुजुर्ग है तो ईकेवाईसी की वजह से उसका राशन नहीं रोका जाएगा। रेखा आर्या, मंत्री खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अनुसार। राज्य सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी राशन से वंचित न हो। जरूरत पड़ने पर ईकेवाईसी के लिए और समय बढ़ाया जा सकता है। इसके बाद भी सत्यापन न हुआ तो यह मान लिया जाएगा कि इन लोगों को राशन की जरूरत नहीं है, इनका नाम राशन कार्ड से हटा दिया जाएगा।

# परिवीक्षाधीन पीसीएस अधिकारियों ने धामी से की भेंट

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में परिवीक्षाधीन पीसीएस अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों का हार्दिक स्वागत करते हुए उनके आगामी प्रशासनिक दायित्वों के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा केवल एक रोजगार नहीं है, बल्कि यह जनता के प्रति जिम्मेदारी और सेवा की भावना से जुड़े ‘ईश्वरीय कार्य’ के समान है।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रशासनिक सेवाओं में आने वाले युवा अधिकारी राज्य की रीढ़ माने जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी सेवा का मूल उद्देश्य जनता के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उन्होंने अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवा को केवल प्रोफेशन न समझें, बल्कि इसे समाज और देवभूमि उत्तराखंड के लोगों के लिए समर्पित एक सेवा-भाव के रूप में अपनाएँ। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी जब सेवा को ईश्वरीय कार्य समझ कर कार्य करेंगे, तब उनके निर्णय अधिक पारदर्शी, संवेदनशील और प्रभावी होंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी तकनीक, आधुनिक दृष्टिकोण और नए विचारों से समृद्ध है। इसलिए जनता की उम्मीदें भी युवा अधिकारियों से दोगुनी हैं। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ प्रशासन को नवाचार अपनाने की जरूरत हैकृचाहे



वह तकनीक का उपयोग हो, प्रशासनिक प्रक्रियाओं का सरलिकरण हो या जनसंपर्क को बेहतर बनाने के तरीके। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए पारंपरिक तरीकों के साथ आधुनिक और स्मार्ट समाधान आवश्यक हैं, ताकि जनता को त्वरित और प्रभावी सेवाएँ मिल सकें। सीएम धामी ने संवेदनशील प्रशासन की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनता प्रशासन से सम्मान, न्याय, सुनवाई और संवेदनशीलता की अपेक्षा रखती है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि वे हर समस्या को मानवीय दृष्टिकोण से समझें और प्रत्येक नागरिक के साथ सम्मान पूर्ण व्यवहार करें। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याएं सुनना, उन्हें समझना और समाधान के लिए तुरंत व गंभीर प्रयास करना ही एक सच्चे और प्रभावी प्रशासक की पहचान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियाँ विशिष्ट और चुनौतीपूर्ण हैं। पर्वतीय क्षेत्रों, दुर्गम मार्गों और दूरस्थ गांवों में बुनियादी सेवाएँ पहुँचना कठिन होता है। उन्होंने अधिकारियों को आगाह किया कि पहाड़ी राज्य में प्रशासनिक दायित्व केवल तकनीकी नहीं होते, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और अधिक परिश्रम की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों के बावजूद, अधिकारी अगर सकारात्मक सोच और कठिन परिश्रम से काम करेंगे, तो प्रदेश के लोगों के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। मुख्यमंत्री धामी ने प्रशिक्षु अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शासन की प्रत्येक योजना और सुविधा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, यह प्रत्येक अधिकारी का मिशन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के वंचित, दूरस्थ और जरूरतमंद वर्ग को लाभ दिलाना है, और यह तभी संभव है जब अधिकारी ईमानदारी और प्रतिबद्धता से इस दिशा में निरंतर काम करें।मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता प्रशासन से न्याय, पारदर्शिता और निष्पक्षता की अपेक्षा रखती है। इसलिए अधिकारी हमेशा विनम्र, ईमानदार और निष्पक्ष रहें। उन्होंने कहा कि अच्छा आचरण, जनता से जुड़ाव और सही निर्णय लेने की क्षमता किसी अधिकारी की सबसे बड़ी पूँजी है। इस अवसर पर सचिवालय प्रशासन के अधिकारी तथा परिवीक्षाधीन पीसीएस अधिकारी उपस्थित रहे।

# सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट में फ्रेशर पार्टी का भव्य आयोजन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस तथा कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस में विद्यार्थियों के चेहरे नई उमंग और उत्साह से दमक उठे, जब यहां फ्रेशर पार्टी का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह का विषय “एकत्व” रखा गया, जिसका उद्देश्य नए और वरिष्ठ विद्यार्थियों के बीच भाईचारा, पारस्परिक सहयोग, टीमवर्क और सौहार्दपूर्ण वातावरण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर संस्थानाध्यक्ष ललित सिंह बिष्ट, कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रधानाचार्य विवेक त्रिवेदी, कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य प्रकाश पंत, उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, संस्थान के सीईओ अनुभव बाठला एवं साहिल छाबड़ा, तथा पैरामेडिकल विभाग के संकाय सदस्य उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों, फैशन शो और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी बहुमुखी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आकर्षक रैंप वॉक और मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। समारोह के दौरान संस्थानाध्यक्ष एवं पैरामेडिकल विभाग के संकाय सदस्यों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य क्षेत्र में अनुशासन, नैतिकता और समर्पण के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही नए छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर के चयन हेतु प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं, जिनमें कृष हालदार और सिमरनजीत कौर क्रमशः विजेता घोषित हुए। फ्रेशर पार्टी की सफलता में पैरामेडिकल विभाग से नीता कोरंगा,



हिमांशी लोहनी, कल्पना बिष्ट, गुरजोत सिंह सहित वरिष्ठ विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन राजेश डावर, वाइस चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा, प्रबंधकीय सदस्य वंश डावर एवं शौर्य अरोरा, प्रधानाचार्य फार्मेसी डॉ. प्रकाश पंत, प्रधानाचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग विवेक त्रिवेदी, उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनुभव बाठला तथा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

# एआई आधारित सॉफ्टवेयर तैयार

देहरादून। अब किसी भी विभाग की सरकारी बैठकों के मिनट्स तैयार करने में हफ्तों का समय नहीं लगेगा। सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी (आईटीडीए) ने इसका एआई आधारित सॉफ्टवेयर तैयार कर लिया है, जिसका ट्रायल सफल रहा है। अभी तक सरकारी बैठकों में होने वाली सभी बातचीत के मिनट्स अनुभाग अधिकारी या उप सचिव के स्तर पर तैयार किए जाते हैं। कई बार इन मिनट्स को तैयार करने में कई हफ्तों का समय लग जाता है। मिनट्स तैयार होने के बाद संबंधित विभाग के सचिव देखते हैं। इसके बाद मिनट्स जारी किए जाते हैं। इन मिनट्स में कई बार दोहराव भी होता है। इस देरी और दोहराव को खत्म करने के लिए आईटीडीए ने एआई आधारित सॉफ्टवेयर तैयार कर लिया है। हाल ही में मुख्य सचिव आनंदबर्द्धन की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में इसका ट्रायल किया गया। ट्रायल के दौरान सॉफ्टवेयर को कंप्यूटर सिस्टम के माध्यम से बैठक में खुला रखा गया, जिसने पूरी बैठक की चर्चा सुनी। जैसे ही बैठक खत्म हुई, उसके बाद सेकेंडों में मिनट्स तैयार हो गए। इन मिनट्स को मुख्य सचिव समेत सचिवों ने अपने पैमानों पर देखा, परखा तो पाया कि बेहद गहराई से सॉफ्टवेयर ने बैठक के बिंदुओं का श्रेणीकरण किया है।

# जनसंख्या वृद्धि से योजनाओं पर लग रहा है पलीता

भारत में हर साल बजट आता है, नई योजनाएँ लॉन्च होती हैं, बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन कुछ महीनों बाद वही पुराना सवाल सिर उठाता है - जमीन पर बदलाव क्यों नहीं दिखता? इसका सबसे सीधा जवाब है: अनियंत्रित जनसंख्या। जितने संसाधन जुटाए जाते हैं, उससे कई गुना ज्यादा माँग खड़ी हो जाती है। परिणाम ख्र कोई योजना पूरी नहीं हो पाती, और भ्रष्टाचार व सिस्टम की कमियाँ जनता को ही भुगतनी पड़ती हैं। राशन, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पेयजल, परिवहन देश के लगभग हर क्षेत्र में यही कहानी है। जितने अस्पताल बनाए जाते हैं, उससे कहीं अधिक मरीज पैदा होते हैं। जितने स्कूल खोले जाते हैं, उससे तेज छात्रों की नई फौज पैदा हो जाती है। रोजगार देने की योजनाएँ आती हैं, लेकिन बेरोजगारी की दर घटने के बजाय बढ़ती जाती है। यह ऐसा खाई-पाटने वाला खेल हो गया है जहाँ सरकार एक तरफ मेहनत कर रही है और दूसरी तरफ जनसंख्या इसके हर प्रयास को ध्वस्त कर रही है।सरकार कुएँ भर रही है और कोई ऊपर से नल खोलकर लगातार पानी गिरा रहा है। नतीजा कुआँ कभी भरता ही नहीं। इस सबमें सबसे चिंताजनक बात यह है कि राजनैतिक दल इस मुद्दे पर गंभीर बात करना ही नहीं चाहते। जनसंख्या नियंत्रण अब कोई “सामाजिक मुद्दा” नहीं रहा, बल्कि पूरी तरह “वोट बैंक” में बदल गया है। हर पार्टी जानती है कि जैसे ही वह “दो बच्चों का कानून” लाने की बात करेगी, किसी न किसी समुदाय की नाराजगी झेलनी पड़ेगी। वोटों का गणित बिगड़ जाएगा, चुनाव हार सकते हैं। इस डर ने नेताओं की जुबान सिल दी है। देश हित पीछे चला गया, और तुष्टिकरण आगे निकल गया।जिस मुद्दे पर सबसे ज्यादा बोलना चाहिए, उसी पर राजनीतिक चुप्पी सबसे ज्यादा है। सच बोलें तो यह चुप्पी एक राष्ट्रीय अपराध है। आज लगभग 80 करोड़ लोग मुफ्त राशन पर हैं। यह राहत है या बोझ ख्र सवाल सीधा है। मुफ्त योजनाएँ ऐसी हो गई हैं कि लोग काम करने के बजाय सरकारी सहायता पर ज्यादा निर्भर होने लगे हैं। दुर्भाग्य देखिए ख्र बच्चा पैदा होने पर कुछ राज्यों में उसके परिवार को पैसे तक मिलते हैं। कोई नीति परिवार नियोजन को प्रोत्साहित नहीं कर रही, बल्कि आश्रितता को बढ़ा रही है। बच्चों की संख्या बढ़ने पर मिलने वाले फायदे और मुफ्त सुविधाएँ, समाज को कामगार और आत्मनिर्भर बनाने के बजाय निर्भर और निष्क्रिय बना रही हैं। भारत में हर साल नए जन्मों की संख्या लगभग 2.3 से 2.5 करोड़ के बीच है। साल 2023 में भारत में लगभग 2.52 करोड़ बच्चों का जन्म हुआ। इसका मतलब रोज 63,000 से 67,000 नए नागरिक पैदा हो रहे हैं। ये किसी छोटे देश की कुल आबादी के बराबर है। यह सिर्फ “संख्या” नहीं है, यह दबाव है ख्र अस्पतालों पर, स्कूलों पर, नौकरियों पर, सड़कों पर, बिजली पर, जमीन पर, और पूरे प्रशासनिक तंत्र पर। प्रजनन दर घट रही है, यह सही है ख्र लेकिन कुल जनसंख्या अभी भी बढ़ रही है। क्योंकि बेस लाइन बहुत बड़ी है। देश में पहले से ही 140 करोड़ लोग हैं। हर साल उस पर दो-ढाई करोड़ का नया भार जुड़ जाना मामूली बात नहीं। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला, हर घर नल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत, शिक्षा अधिकार कानून (त्ज्म्), कौशल विकास योजना ख्र सब उसी दीवार से टकरा रही हैं जिसका नाम है “अतिरिक्त बोझ”।योजनाओं का बजट बढ़ रहा है, लेकिन लाभार्थियों की संख्या उससे तेज बढ़ती जा रही है। सरकारी तंत्र हमेशा “कैच-अप” मोड में है, “कंट्रोल” मोड में नहीं।चीन, ईरान, बांग्लादेश, थाईलैंड, इंडोनेशिया सहित दर्जनों देशों ने सीमित संतान नीति (ज्व बेपसक च्वसपबल) जैसी सख्त नीतियाँ लागू कीं।भारत आज भी “जागरूकता”, “परामर्श”, “स्लोगन” और “पोस्टर” के भरोसे चल रहा है।1960 से परिवार नियोजन कार्यक्रम चल रहा है, लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति (च्वसपजपबंस ॅपसस) कभी नहीं आई ।बेरोजगारी का ज्वालामुखी फट रहा है। अपराध बढ़ रहा है। पर्यावरण का दम घुट रहा है। पानी, जमीन, जंगल, नदियाँ ख्र सब दबाव झेल रहे हैं। जनसंख्या कोई “धार्मिक”, “जातीय”, “सांस्कृतिक” विवाद नहीं है ख्र यह “राष्ट्रीय सुरक्षा” और “राष्ट्रीय अस्तित्व” का सवाल है। सिर्फ मुफ्त योजनाएँ देने से समस्या हल नहीं होगी। इसके लिए जरूरी है:दो-बच्चे का कानून, बच्चों की संख्या सीमित रखने वालों को आर्थिक लाभ,ग्रेजुएट से नीचे वालों के लिए कुटुंब नियोजन अनिवार्य परामर्श,गरीबी-रेखा से नीचे वाले परिवारों को दूसरे बच्चे पर कड़ी शर्तें, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार में एक-परिवार-दो-बच्चे की प्राथमिकता, आबादी के आधार पर योजना बजट तय करना । सख्त जनसंख्या नीति के बिना विकास सिर्फ भाषणों और इश्तिहारों में रहेगा, जिंदगी में नहीं। जो देश अपनी आबादी को नियंत्रित नहीं रखता, उसका भविष्य उधार के पैसों और मुफ्त योजनाओं में बर्बाद हो जाता है।

प्रदीप फुटेला ,वरिष्ठ पत्रकार

# विश्व मृदा दिवस

विश्व मृदा दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 5 दिसम्बर को मनाया जाता है हमारे शरीर की बनावट पंचभूतों से हुई है जिसमें मृदा यानी मिट्टी तत्व मुख्य अवयव है इसकी सुरक्षा व गुणवत्ता अति आवश्यक है विश्व मृदा दिवस का उद्देश्य खाद्य- सुरक्षा, ओर सतत् विकास के लिए मिट्टी के महत्व के बारे में दुनिया भर में जागरूकता फैलाना है हम अपने छोटे-छोटे प्रयासो द्वारा मिट्टी को प्रदूषण से मुक्त करें और स्वास्थ्य पारिस्थितिक तंत्र व मानव कल्याण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाये क्यों कि जब हमारी मिट्टी स्वास्थ्य होगी तभी हमारा भविष्य सुरक्षित होगा बढ़ते शहरीकरण से क्रंकीटीकरणका कार्य बढ़ता ही जा रहा है गांव शहरों में तब्दील होते जा रहे हैं जिससे मिट्टी की गुणवत्ता पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है मिट्टी में डाली जाने वाली रासायनिक खादे, मिट्टी की उर्वरा शक्ति को नष्ट कर रही है अधिक जल सोखने वाली फसलों लेने से भूमि बंजर व जल विहीन हो रही है ।इसके लिए हमें नारियल की जटा,नीम ,व गीले कूड़े, खली व गोबर से बनी प्राकृतिक खादों का प्रयोग कर हम भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ा सकते हैं जो कि एक प्राकृतिक समाधान है हमें और्गेनिक खेती को बढ़ावा देना चाहिए जो हमारे शरीर व हमारी जलवायु के लिए मुफीद है इससे मिट्टी के पोषक तत्व बचे रह सकते है स्वस्थ मिट्टी जल- वायु की गुणवत्ता को बेहतर बनाती है अच्छी मिट्टी एक अदृश्य शक्ति है इससे पेड़ पोधौ,जल को स्वच्छ व मनुष्यो के शरीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में योगदान देती है हरियाली को निरन्तर नगरों में बढ़ाकर मिट्टी की गुणवत्ता को परखा जा सकता हैं। क्योंकि कहा भी गया है घ्मेरे देश की धरती सोना उगले उगले हीरे मोती मेरे देश की धरती,, इससे यही अभिप्राय है कि यदि हमारी मृदा स्वास्थ्य होगी तो हमारे देश के नागरिक व देश धन धान्य से परिपूर्ण व समृद्ध होगा आइये हम सब मिलकर मिट्टी की देखभाल व संभाल करें अपने देश व विश्व को स्वच्छ, स्वस्थ व खुशहाल बनाए ।



**प्रस्तुति- नरेश छाबड़ा,आवास-विकास रूद्रपुर**

# रिटायर्ड जेई के घर से लाखों के जेवर चोरी

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। मुखानी थाना क्षेत्र के पीलीकोठी मार्ग स्थित श्याम गार्डन पूर्वी के रहने वाले पीडब्ल्यूडी से रिटायर जेई सुरेश चंद्र तिवारी के यहां से लाखों के जेवर की चोरी हो गए। जेई ने मुखानी थाने में तहरीर दी तो शक के आधार पर पुलिस ने महिला किरायेदार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।सुरेश चंद्र तिवारी ने बताया कि तीन दिसंबर की सुबह उनकी पत्नी प्रेमा ने अलमारी का सामान बिखरा देखा। लॉकर खोलकर चेक किया तो मंगलसूत्र, अंगुठियां, बहू के गहने सहित कुल आठ तोला सोने के जेवर और चांदी की कटोरी, पांच हजार रुपये नकदी आदि भी किसी ने पार कर ली थी। इसी दिन तहरीर दी गई लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। पांच दिसंबर शुक्रवार को उन्होंने दोबारा थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। शक के आधार पर पुलिस ने जेई की महिला किराएदार को पूछताछ के लिए थाने ले गई। एसपी सिटी मनोज ने बताया कि जांच जारी है, जल्द ही मामले का पर्दाफाश किया जाएगा। सेवानिवृत्त जेई सुरेश चंद्र तिवारी के साथ घर में उनकी पत्नी प्रेमा तिवारी ही रहती हैं। दो बेटे हैं। उनकी शादी हो गई है। एक बेटा अमेरिका में तो दूसरा नोएडा रहता है। प्रेमा तिवारी ने बताया कि एक माह पहले मकान के भूतल पर बने कमरों को किराए पर दिया था। इनमें एक महिला दो बच्चों के साथ रहती है। उससे आधार कार्ड मांगा तो नहीं दिया। सत्यापन भी नहीं कराया था।रिटायर्ड जेई के घर में न सीसीटीवी है और न ही गली में। मुख्य मार्ग पर सीसीटीवी है लेकिन इनका मकान अंदर गली में है। ऐसे में उससे भी कुछ विशेष मिलने की संभावना कम है। फिर भी पुलिस इस मामले की गहन पड़ताल में जुटी है।

# आईएमए पासिंग आउट परेड 13 दिसंबर को

देहरादून (उद संवाददाता)। आगामी 13 दिसंबर को होने वाली प्रतिष्ठित भारतीय सैन्य अकादमी की पासिंग आउट परेड को देखते हुए दून पुलिस ने व्यापक रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए यह डायवर्जन 6 दिसंबर से 13 दिसंबर तक लागू रहेगा। पुलिस के अनुसार 6 और 7 दिसंबर को सुबह 7 बजे से 11 बजे तक, 11 दिसंबर को सुबह 7 से 11 बजे और शाम 4 बजे से 7:30 बजे तक, 12 दिसंबर को शाम 4 बजे से रात 7:30 बजे तक तथा 13 दिसंबर को सुबह 6 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक सभी मार्ग निर्धारित अनुसार डायवर्ट रहेंगे। यातायात दबाव के अनुसार इन समयों में थोड़े बहुत परिवर्तन भी किए जा सकते हैं। परेड के दौरान आईएमए की ओर जाने वाले सभी मार्ग पूरी तरह प्रतिबंधित रहते हुए इसे जीरो जोन घोषित किया गया है। बल्लूपुर से प्रेमनगर जाने वाले वाहनों को रांघड़वाला तिराहाख्रमिठ्ठीबेरी होते हुए प्रेमनगर डायवर्ट किया जाएगा। वहीं प्रेमनगर से शहर आने वाले यातायात को प्रेमनगर चौकख्रदरू चौकख्रमिठ्ठीबेरी के रास्ते शिमला बाईपास से निरंजनपुर मंडी की ओर भेजा जाएगा। विशेष परिस्थिति में प्रेमनगर से आने वाले कुछ वाहनों को एमटी सेक्शन गेट से आईएमए परिसर के भीतर से रांघड़वाला की ओर निकाला जाएगा। भाऊवाला और सेलाकुई क्षेत्र से आने वाले भारी वाहनों को धूलकोट तिराहा से सिंघनीवाला नया गांव होते हुए शहर की ओर भेजा जाएगा। वहीं देहरादून से विकासनगर की ओर जाने वाले भारी वाहनों को शिमला बाईपास से डायवर्ट कर धर्मा वाला–विकासनगरतरफ भेजा जाएगा।


KATYAYANI MEDICAL CENTRE
Dedicated to Life

KMC



कात्यायनी मेडिकल सेंटर, रुद्रपुर

Comprehensive Medical Care Services under one roof, dedicated to life...

हॉस्पिटल में उपलब्ध विभाग एवं चिकित्सक



कार्डियोलॉजी
डॉ. रश्मि ज़ेवियर
एम.बी.बी.एस., एम.डी., डी.एम.

ऑर्थोपेडिक्स
डॉ. सौरभ अरोड़ा
एम.बी.बी.एस., एम.एस.

रेस्पिरेटरी मेडिसन
डॉ. मन्दीप सिंह
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी.,
एफ.सी.सी.एस., एम.एन.ए.एम.एस.
कन्सलटेन्ट, फिजिशियन,
टी.बी. एण्ड चेस्ट स्पेशलिस्ट

पैथोलॉजी
डॉ. अजय अरोरा
एम.बी.बी.एस., डी.एस.पी., पैथोलॉजी
(मैनेजिंग डायरेक्टर)

सीनियर लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. जे.एस. गिल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.

न्यूरो सर्जन
डॉ. निधि यादव
एम.बी.बी.एस., एम.एस., एम.सी.एच.

गैस्ट्रोउटरोलॉजी सर्जन
डॉ. सहाना बी.पी.
एम.बी.बी.एस., डीएम.बी., एम.सी.एस.

आब्सटेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट
डॉ. पवन प्रीत गिल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.

ई.एन.टी. सर्जन
डॉ. सिमरनदीप सिंह जठोल
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी., ई.एन.टी.

पीडियाट्रिक एवं नियोनेटोलॉजी
डॉ. पारस गुप्ता
एम.बी.बी.एस., एम.डी.

ऑपथैल्मोलॉजी
डॉ. विल्सन जय ज़ेवियर
एम.बी.बी.एस., एम.एस.

डेंटल
डॉ. अंकिता ग्रोवर अरोड़ा
बी.डी.एस.

एनेस्थिसियोलॉजी एवं इंटेसिविस्ट
डॉ. दीप चिलाना
एम.डी. एनस्थेटिस्ट

डिपार्टमेंट ऑफ मेडिसिन
डॉ. मधु सिंह
एम.बी.बी.एस., एम.डी. इंटरनल मेडिसिन

पैथोलॉजी
डॉ. उपासना चाचरा अरोड़ा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (गोल्ड मेडलिस्ट)

रेडियोडायग्नोसिस
डॉ. नितिन कुमार
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (रेडियोलॉजिस्ट)

कैशलेस TPA एवं आयुष्मान कार्ड द्वारा मुफ्त में इलाज की सुविधा

किच्छा रोड, बिगवाड़ा, रुद्रपुर,
ऊ.सिं.नगर, उत्तराखण्ड-263153
सम्पर्क करें - मो0 9540022100,
7900300013, 8474904403

# साक्षी काला और हर्षिता कोहली ने मचाई धूम

## चंदोला मेडिकल कॉलेज का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न, देर रात तक प्रचलित गीतों पर झूमे लोग





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। चंदोला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल तथा वसुंधरा नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के वार्षिकोत्सव की दूसरी शाम भी कला, संस्कृति और उमंग से सराबोर रही। मशहूर कुमाऊंनी कलाकार साक्षी काला और उत्तराखण्ड फिल्म डीएफओ डायरी की अभिनेत्री हर्षिता कोहली ने अपनी लाजवाब प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक कुमाऊंनी, गढ़वाली, पंजाबी, हरियाणवी और राजस्थानी नृत्य की झड़ी लगी रही, और पंडाल में मौजूद लोग संगीत की थाप पर झूमने को मजबूर हो गए।दूसरे दिन सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ मुख्य अतिथि चिकित्सा विभाग के सेवानिवृत्त महानिदेशक डॉ. एलएम उप्रेती, विशिष्ट अतिथि यूनिटी लॉ कालेज के चेयरमैन नितिन शर्मा, बिल्डर कौस्तुक चंदौला, समाजसेवी विनोद जोशी एवं चंदोला मेडिकल कॉलेज के एमडी डॉ. केसी चंदौला और ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज की छात्राओं वंशिका और श्रेया की सरस्वती वंदना से हुई, जिसने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।इसके तुरंत बाद मंच पर हाल ही में रिलीज हुई उत्तराखण्ड में बनी फिल्म डीएफओ डायरी की अभिनेत्री हर्षिता कोहली की जोरदार एंट्री हुई। उन्होंने गढ़वाली गीत खेला पासो पर पांडव लोक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। उनकी अगली प्रस्तुतियां प्यारी मोहिनी मनमोहनी और लैदे लैदे हीरा जैसे लोकप्रिय गीतों पर रहीं, जिन पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई। हर प्रस्तुति के साथ हर्षिता ने अपनी ऊर्जा और आकर्षक नृत्याभिनय से मंच पर एक अलग ही माहौल बना दिया। मंच पर कुमाऊंनी स्टार साक्षी काला ने नॉन स्टॉप कुमाऊंनी गीतों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर पूरी शाम को नई ऊंचाई दी। उनकी लय, ताल और नृत्य शैली ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। साथ ही कॉलेज के कई छात्र-छात्राओं ने भी स्टेज पर बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण और अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करने के साथ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. एलएम उप्रेती ने कॉलेज परिवार को बधाई देते हुए कहा कि चंदोला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और वसुंधरा नर्सिंग कॉलेज ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा तराई क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की आवश्यकता को पूरा करने में यह संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यहां से निकलने वाले विद्यार्थी स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती में अहम योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम की सफलता पर कॉलेज के एमडी डॉ. केसी चंदौला ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद जताते हुए कहा वार्षिकोत्सव न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच देता है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और नए अवसर भी प्रदान करता है। इतने बड़े स्तर पर इस आयोजन को सफल बनाने में सभी का सहयोग सराहनीय है। एमडी डा. चंदौला ने बताया कि साल 2002 में इस संस्थान की नींव नैनीताल में रखी गयी थी बाद में सस्थान को रूद्रपुर में स्थानांतरित किया गया तब से लेकर आज तक यह कालेज निरंतर प्रगति विकास और सेवा के पथ पर अग्रसर है और आज यह संस्थान 23वां गौरवशाली वार्षिकोत्सव मना रहा है। 23 वर्षों की यात्रा में कालेज ने चिकित्सा, शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाई है। हमारा उद्देश्य हमेशा रहा है उच्च शिक्षा, उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा और मानवता की सेवा। कार्यक्रम में शर्मा, अजय विश्वकर्मा, रोहित सिंह, दीपक चराया, हरीश पाण्डे, प्रज्वल पाण्डे, डॉ. पल्लवी, डा. जाहर घोष, टी एस द्विवेदी, आशीष पंत, निरंजन यादव, अदिति, सीमा, नवीन यादव, दुर्गेश यादव, देवेन्द्र यादव, नीरजा, अल्पना, एचएस चौहान, परिधि बोरा, आलिया, रश्मि नेगी, मनीषा, रितु थापा, सरिता मेहता, नीलम, पूजा, ललित, वीरेन्द्र, नवीन, सुरजीत कौर, महिमा, प्रियंका बोरा, प्रिया, शिवानी, कॉलेज के मीडिया प्रभारी विशाल मेहरा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।







# ग्रीन अर्थ गार्जियनस ने पटालसु पीक की चोटी पर की चढ़ाई



रुद्रपुर। उत्तराखंड ग्रीन अर्थ गार्जियनस ग्लोबल फाउंडेशन ने अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस के अवसर पर 4,220 मीटर (14,000 फीट) ऊँची पटालसु पीक की चोटी पर सफलता पूर्वक चढ़ाई की। इस अभियान का उद्देश्य 'मस्क मृग' की घटती संख्या के बारे में जागरूकता बढ़ाना और संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्यों को बढ़ावा देना था। नैनीताल के नितेंद्र सिंह बिष्ट और रुद्रपुर के प्रेम शर्मा ने इस महत्वपूर्ण प्रयास में भाग लिया और इस चोटी तक पहुँचने के लिए अपार समर्पण और उत्साह का प्रदर्शन किया। इस चढ़ाई के दौरान उन्होंने उत्तराखंड के युवा विकासष्की आवश्यकता को भी उजागर किया। ग्रीन अर्थ गार्जियनस ग्लोबल फाउंडेशन की टीम का मानना है कि युवा पीढ़ी को सामुदायिक और पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। मुख्य अभियान के समापन पर नितेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा यह यात्रा न केवल चोटी को हासिल करने के लिए थी, बल्कि यह हमारे वन्यजीवों की रक्षा करने और सतत विकास की दिशा में कदम उठाने के लिए एक प्रेरणा थी। हमें उम्मीद है कि हम दूसरों को इस दिशा में कदम उठाने के लिए प्रेरित कर सकें। ग्रीन अर्थ गार्जियनस ग्लोबल फाउंडेशन की इस सफलता ने उन्हें पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है।

# मारपीट के मामले में आरोपी युवक गिरफ्तार



रुद्रपुर। ट्राजिट कैम्प पुलिस ने मारपीट के एक मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन चन्द्र पाण्डे ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध और अपराधियो को विरुद्ध कार्यवाही के निर्देशानुसार वाछित अभियुक्तो के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में उनके नेतृत्व मे थाना ट्राजिट कैम्प पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। घटना की जानकारी देते उन्होंने बताया कि 20 अप्रैल को वादी राम भजन दिवाकर पुत्र डोरी लाल निवासी विवेक नगर थाना ट्रांजिट ने विशाल दास पुत्र विजय दास निवासी संजय नगर खेड़ा के विरुद्ध अपने भाई मदन दिवाकर को जान से मारने की नियत से मार पीट करने जिससे मदन दिवाकर के सर पर गम्भीर चोट आई मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना मे फरार अभियुक्त विशाल दास का नाम गवाहो के बयानो के आधार पर प्रकाश मे आया था। तब से अभियुक्त अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिये फरार चल रहा था। श्री पाण्डे ने बताया कि अभियुक्त प्रकाश को सिडकूल रोड पर मुखबीर की सूचना पर नई बस्ती मोड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक महेश काण्डपाल व अपर उप निरीक्षक चन्द्र प्रकाश बबाडी शामिल थे।

# महिला को बिजली कनेक्शन नहीं देने पर भड़के विधायक शिव

## तीस हजार परिवारों के लिए धरना देना पड़े तो पीछे नहीं हटूँगा: शिव



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नजूल दानपात्र पर बसे लगभग 30 हजार परिवारों को बिजली कनेक्शन न मिलने का मामला एक बार फिर गरमा गया है। जिला विकास प्राधिकरण द्वारा जारी उस आदेश के बाद लोगों में असमंजस और आक्रोश की स्थिति बनी हुई है, जिसमें कहा गया था कि जो लोग बिना नक्शा पास कराए मकान में रह रहे हैं, उन्हें बिजली कनेक्शन नहीं दिया जाएगा। हालांकि तीन दिन पहले विधायक शिव अरोरा स्थानीय लोगों को लेकर जिला विकास प्राधिकरण पहुँचे थे, जहाँ प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने उन्हें आश्वासन दिया था कि नजूल दानपात्र पर बसे वे परिवार, जिनके पास भूमि स्वामित्व नहीं है, उन्हें नक्शा स्वीकृत कराने की अनिवार्यता से मुक्त रखा जाएगा। लेकिन मामला तब और गरमा गया जब रम्पुरा की कुछ महिलाएँ बिजली कनेक्शन के लिए विभाग पहुँचीं और उनकी फाइल यह कहते हुए लौटा दी गई कि बिना नक्शा पास किए कनेक्शन नहीं दिया जा सकता।यह जानकारी मिलते ही विधायक शिव अरोरा स्वयं अटरिया मोड़ स्थित बिजलीघर पहुँचे। एसडीओ अन्नु अरोरा के कार्यालय में पहुँचते ही उनका पारा चढ़ गया और उन्होंने कड़े शब्दों में नाराजगी जताते हुए कहा कि जब प्राधिकरण ने स्पष्ट कर दिया है कि नजूल दानपात्र पर बसे लोगों को नक्शा पास की शर्त से बाहर रखा जाएगा, तो फिर विद्युत विभाग ने रम्पुरा की सीधी-सादी महिलाओं की फाइलें लौटाने का साहस कैसे किया। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि रुद्रपुर के इन 30 हजार परिवारों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी को विद्युत कनेक्शन मिलेंगे और इसमें कोई भी बाधा स्वीकार नहीं की जाएगी।विधायक ने एसडीओ से कहा कि प्रत्येक पात्र गरीब परिवार को कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए और कोई भी आवेदन वापस न किया जाए। इसी दौरान विधायक ने बिजली विभाग कार्यालय से ही जिला अधिकारी नितिन भदौरिया से दूरभाष पर वार्ता की और कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जब प्राधिकरण ने स्पष्ट कर दिया कि नजूल दानपात्र पर बसे लोगों पर नक्शा पास कराने की शर्त लागू नहीं होगी, तो फिर विद्युत विभाग रम्पुरा और जगतपुरा के लोगों को कनेक्शन देने से कैसे मना कर सकता है।विधायक ने डीएम से कहा कि बिना गहन अध्ययन के ऐसे आदेश जारी करना उन परिवारों के साथ अन्याय है, जिनके पास भूमि स्वामित्व ही नहीं है और इस स्थिति में वे नक्शा पास कराने की प्रक्रिया पूरी कर ही नहीं सकते। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकला, तो जिला अधिकारी के कार्यालय के बाहर दरी बिछाकर धरना देने से भी पीछे नहीं हटेंगे।जिला अधिकारी नितिन भदौरिया ने विधायक को आश्वस्त किया कि पूरे मामले का समाधान निकाला जाएगा, और सोमवार को जिला विकास प्राधिकरण एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक होगी, जिसमें विधायक शिव अरोरा भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नजूल दानपात्र पर रहने वाले लोगों के लिए नक्शा स्वीकृति अनिवार्य न रहे तथा उनके बिजली कनेक्शन के लिए कोई बाधा न उत्पन्न हो।विधायक शिव अरोरा ने कहा कि जनहित सर्वोपरि है और उनकी प्राथमिकता अपने क्षेत्र की जनता को राहत दिलाना है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी आवेदकों की फाइलें जमा की जाएँ, समाधान सरकार के स्तर से कराया जाएगा।विधायक अपने कार्यकर्ताओं के साथ बिजली विभाग पहुँचे थे, जहाँ वे पूरे समय आगबबूला नजर आए और अधिकारियों को जमकर खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह 11:30 बजे वे जिला अधिकारी कार्यालय पहुँचकर इस समस्या का हर हाल में समाधान सुनिश्चित कराएंगे। इस दौरान राधेश शर्मा, राजेंद्र राठौर, धीरेश गुप्ता, राजकुमार साह, मनोज मदान, जितेन्द्र संधू, पिंटू पाल, राज कोली, चन्द्रसेन चंदां, मयंक कक्कड़, विष्णु सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# रूस और भारत के संबंध

भारत और रूस के बीच संबंधों का सफर करीब आठ दशक पुराना रहा है और अब तक दोनों देशों ने हर मौके पर एक–दूसरे के लिए सहयोग के दरवाजे खुले रखे हैं। इस लिहाज से देखें, तो रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा एक मजबूत बुनियाद पर खड़े भारत–रूस के संबंधों को नया आयाम देने की नई कड़ी है। मगर पुतिन इस बार जिन परिस्थितियों में भारत आए और खुले मन से भारत की स्थिति को समझते हुए सहयोग को मजबूत करने के लिए साथ चलने पर सहमति जाहिर की, वह बेहद अहम है। यह छिपा नहीं है कि पिछले कुछ समय से अमेरिका की ओर से दंडात्मक शुल्क और प्रतिबंध लगाने की घोषणा से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक जटिल स्थिति पैदा हुई है। ऐसे में इसके असर के दायरे में आने वाले देशों के सामने अब नए विकल्प खोजने की चुनौती है। इसी क्रम में भारत और रूस शुक्रवार को दोनों देशों के बीच पहले से चली आ रही आर्थिक और व्यापारिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए एक पंचवर्षीय योजना पर सहमत हुए हैं। हालांकि दोनों देशों के बीच परस्पर और दीर्घकालिक हितों पर आधारित संबंधों के अलावा एक पारंपरिक मित्रता का सहयोग भी हमेशा रहा है। मगर अब नए सिरे से भी भारत और रूस के बीच कई मसलों पर सहमति बनी है। पुतिन के साथ बातचीत के बाद रक्षा, व्यापार, ऊर्जा और आर्थिक सहयोग जैसे अहम क्षेत्रों में साझेदारी को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा, आप्रवासन, स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा, खाद्य सुरक्षा, खाद और समुद्री सहयोग से संबंधित कई अहम समझौते हुए हैं। यह उम्मीद भी जताई गई है कि वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ा कर सौ अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाया जाएगा। दुनिया भर में जिस तरह नवनिर्माण के लिए लोगों की जरूरत बढ़ी है, उसके मद्देनजर भी दो समझौते हुए हैं, जिसमें दोनों देशों में मानव श्रम की आवाजाही एक नई शक्ति और अवसर का वाहक बनेगी। वहीं, रूस तेजी से बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए ईंधन की निर्बाध आपूर्ति जारी रखने के लिए तैयार है और वह 'मेक इन इंडिया' में भी सहयोग करेगा। साथ ही, ध्रुवीय जल में भारतीय नाविकों को प्रशिक्षित करने के लिए सहयोग, साजो–सामान के साथ–साथ हिंद महासागर के मार्ग पर भी जिस तरह बात आगे बढ़ने की संभावना है, वह सहयोग के नए आयाम तैयार कर सकता है। भारत के लिए अपने व्यापार और निवेश के क्षेत्र मेंज्यादा विविधता, संतुलन और स्थिरता लाना वक्त की जरूरत है। पिछले कुछ समय से अमेरिका की ओर से शुल्क नीति का सहारा लेकर जिस तरह के दबाव पैदा किए गए और शर्तें थोपने की कोशिश हुई, वह किसी देश की नीतियों को मनमाने तरीके से प्रभावित करने से कम नहीं था। हालांकि भारत ने एक तरह से अपना स्वतंत्र रास्ता ही चुना और पारंपरिक तौर पर मित्र रहे रूस के साथ संबंधों को लेकर किसी नई नीति पर चलने की जरूरत नहीं समझी।

# हादसे में दो भाईयों की मौत से परिवार में कोहराम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शुक्रवार को लोहाघाट में बाराकोट के पास बारातियों से भरे वाहन के गहरी खाई में गिर जाने से उसमें सवार एक ही परिवार के दो भाई निकटवर्ती ग्राम डिबडिबा बिलासपुर निवासी 40 वर्षीय प्रकाश चन्द्र उनियाल व 37 वर्षीय केवल चन्द्र उनियाल सहित पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में पंतनगर निवासी 32 वर्षीय सुरेश चन्द्र नौटियाल पुत्र प्रकाश चन्द्र नौटियाल भी शामिल हैं। जो इसी परिवार का करीबी रिश्तेदार है। आज उक्त तीनों मृतकों के शव ग्राम डिबडिबा पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए भारी संख्या में ग्रामीण भी पहुंचे। सभी मृतकों का आज अंतिम



संस्कार किया गया। गौरतलब हो कि गुरूवार को पिथौरागढ़ में गणाई गंगोली के ग्राम सेराघाट से बबलू पंडा की बारात जनपद चम्पावत के ब्लाक पाटी के ग्राम बालातड़ी आई थी। विवाह रस्म होने के बाद बारात रात्रि में वापस लौट रही थी। मार्ग में बाराकोटी के पास बागधारा में बारातियों से भरा बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। जिससे उसमें सवार लोगों में चीख पुकार शुरू हो गई। शुक्रवार प्रातः घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया और घायलों व मृतकों के शवों को खाई से बाहर निकाला। मृतकों में प्रकाश चन्द्र उनियाल, केवल चन्द्र उनियाल, सुरेश चन्द्र नौटियाल व दूल्हे की बहन भावना चौबे, उसका पुत्र प्रियाशुं चौबे निवासी स्याल्दे अल्मोड़ा शामिल थे। जबकि इस दुर्घटना में वाहन में सवार पांच अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हुए। जिनका अल्मोड़ा चिकित्सालय में उपचार किया जा रहा है।

# नगर पंचायत में नए बोर्ड के गठन के बाद भुगतान को लेकर घमासान

शक्तिफार्म। नगर पंचायत शक्तिगढ़ में नए बोर्ड के गठन के बाद किए गए कार्यों और भुगतानों को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। नगर पंचायत निवासी अभिषेक सिंह ने एसडीएम सितारगंज को शिकायती पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया कि नगर पंचायत में मनमाने भुगतान, बाजार मूल्य से अधिक दर पर खरीदारी और कई कार्यों में गंभीर अनियमितताएं की गई हैं। अभिषेक सिंह ने इसकी प्रतियां जिलाधिकारी, शहरी विकास विभाग तथा मुख्यमंत्री कार्यालय को भी भेजी हैं। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े किए हैं। शिकायत के बाद प्रशासन हरकत में आ गया और मामले की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। शुक्रवार को तहसीलदार खटीमा वीरेंद्र सिंह सजवाण नगर पंचायत शक्तिगढ़ पहुंचे और अभिलेखों की जांच शुरू की। इस दौरान अभिलेखों को सौंपने को लेकर तनातनी की स्थिति बन गई। नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल ने अधिशासी अधिकारी के



अवकाश पर होने का हवाला देते हुए अभिलेख देने से इनकार कर दिया, जिससे कई घंटे तक असमंजस की स्थिति बनी रही। बाद में तहसीलदार ने सभी फाइलों की फोटोकॉपी कराने की कार्रवाई शुरू कराई और शाम को मूल अभिलेख जांच के लिए अपने साथ ले गए। तहसीलदार ने बताया कि एसडीएम सितारगंज के निर्देश पर गठित कमेटी में तहसीलदार खटीमा एवं प्रभारी तहसीलदार सितारगंज वीरेंद्र सिंह सजवाण, अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग खटीमा और कोषाधिकारी सितारगंज शामिल हैं, जो सभी शिकायतों की जांच करेंगे। इस बीच नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल ने पूरे मामले को राजनीतिक षड्यंत्र करार दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें दबाव में लेने के लिए साजिश रची जा रही है, जबकि नगर पंचायत के सभी टेंडर सरकारी पोर्टल 'जैम' के माध्यम से पारदर्शी तरीके से किए गए हैं। मंडल ने दावा किया कि बोर्ड गठन के बाद किए गए कार्यों में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं हुई है। साथ ही उन्होंने एक बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कार्यभार संभालने से पहले फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कई ठेकेदार घोटाले कर चुके हैं, जिनकी जांच भी कराई जाएगी। उन्होंने प्रशासन से अपेक्षा जताई कि जितनी तेजी से इस शिकायत की जांच शुरू की गई है, उतनी ही गति से आम जनता की समस्याओं का भी निस्तारण किया जाए।

# स्व. इंद्रासन सिंह को दी श्रद्धांजलि

किच्छा(उद संवाददाता)।ग्राम इंदरपुर निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. इंद्रासन सिंह जी की पुण्यतिथि पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला उनके आवास पहुंचे। उन्होंने परिवारजनों एवं ग्रामवासियों के साथ स्व. इंद्रासन सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि स्व. इंद्रासन सिंह एक बहादुर स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ–साथ एक प्रगतिशील किसान भी थे। उन्होंने धान की नई प्रजाति 'इंद्रासन' की खोज की थी, जिसके कारण उन्हें इंद्रासन धान का जनक कहा जाता है। कृषि क्षेत्र में उनके इस महत्वपूर्ण योगदान के



लिए उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। शुक्ला ने कहा कि हमें अपने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के आदर्शों एवं योगदान को सदैव स्मरण कर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना चाहिए। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में उनके पुत्र ब्रह्म प्रकाश, आनंद प्रकाश, ज्ञान प्रकाश, सुभाष चंद्र, तेजप्रताप, पूर्व प्रधान शिव कुमार यादव, चन्द्र प्रकाश सिंह, सहकारिता संचालक नीरज द्विवेदी, धीरज द्विवेदी, बिरजू प्रसाद, राजेश राय, रणधीर सिंह, सत्यप्रकाश समेत समस्त ग्रामीण उपस्थित थे।

# दिनेशपुर जीजीआईसी के छात्रों को करियर काउंसलिंग कराई

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कॉलेज में हुआ एक दिवसीय करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन। कार्यक्रम में पहुंचे विशेषज्ञ ने उपस्थित विद्यार्थियों को भविष्य निर्माण हेतु संबोधित किया। नगर स्तिथ राजकीय इंटर कॉलेज में एक दिवसीय मार्गदर्शन कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ मधुसूदन मिश्र ने किया। कार्यक्रम में गदरपुर के मोनाड पब्लिक स्कूल के निदेशक व प्रसिद्ध शिक्षा विशेषज्ञ डॉ संजय सिंह ने हिस्सा लिया। इस मौके पर उपस्थित विद्यार्थियों को प्रेरणादायक विशेषज्ञ वार्ता के दौरान डॉ संजय सिंह ने अपनी विशिष्ट स्टोरीटेलिंग तकनीक का उपयोग करते हुए विद्यार्थियों को विविध करियर संभावनाओं, लक्ष्य निर्धारण, कौशल संवर्धन, विज्ञान एवं तकनीक के बदलते परिदृश्यों तथा नए युग की आवश्यकता के बारे अत्यंत रोचक और प्रभावशाली जानकारी देते हुए मार्गदर्शन किया। डॉ संजय की जीवंत कहानियों, वास्तविक उदाहरणों और प्रेरक अनुभवों ने छात्रों में जिज्ञासा, आत्मविश्वास और व्यापक



सोच को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ मधुसूदन मिश्र, डॉ आशुतोष त्रिपाठी, सुभाष चंद्र शुक्ला, इंद्रजीत तिवारी, मनोज पांडेय, रविन्द्र सिंह, बंशीधर पांडेय, जितेंद्र मोहन, गीता रानी, हिमांशु भट्ट सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। आपने कहानियों के माध्यम से अपनी बात बच्चों तक पहुंचाई। पहली कहानी जो पंचतंत्र से ली थी वह थी ‹मेढक और सांप› इस के माध्यम से बताया कि बलवान और अति सामर्थवान से दोस्ती जीते जी बिष पीने के समान है। इनकी दूसरी कहानी प्रसिद्ध तमिल रचनाकार जयकांतन की गुरुपीठ थी जिसका संदेश यह था गुरु अपने बिगड़े शिष्य को डांट और उपदेश से नही वदल सकता वल्कि उसके साथ रच बस कर उसकी परिस्थितियों को आत्मसात कर उसके आत्मविश्वास को बढ़ा कर धीरे धीरे परिवर्तित कर सकता है चाहें वह उम्र और अनुभव मे छोटा ही क्यो न हो। तीसरी कहानी स्थानीय उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध लेखक गम्भीर सिंह पालनी की 'बस ड्राइवर तेजाब सिंह की कहानी' सुनाई जिसका प्रमुख मंतव्य यह था कि जिसके हाथ मे स्टेयरिंग हो उन्हें सिर्फ लकीर पर चलना चाहिए या बदलती परिस्थितियों और प्राथमिकताओं के आधार पर नयी लकीरें बनानी चाहिए जाहे स्टेयरिंग बस का हो या देश का। रोचक और अनूठे अंदाज मे सुनाई गयी प्रत्येक कहानियों के अन्त में प्रश्नोत्तर के माध्यम से जीवन मूल्यों को आज के संदर्भ में खोजने की कोशिश की गयी जो कैरियर और भविष्य को संवारने और सुरक्षित रखने में योगदान दे सकें।

# जागृति एक नई पहल संस्था ने किया भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

गदरपुर(उद संवाददाता)। जागृति एक नई पहल संस्था द्वारा क्षेत्र के एसएस पब्लिक स्कूल में नगर स्तरीय विद्यालय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष मनोज गुम्बर व भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना द्वारा फीता काटकर व माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस प्रतियोगिता में नगर के करीब 15 स्कूलों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में स्कूली छात्र–छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर अपना भाषण दिया। निर्णायक मंडल के सदस्यों गिरीश चंद दुबे व सुपद कुमार मंडल ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान का चयन किया। सीनियर वर्ग में एसएस पब्लिक स्कूल के अभय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के गुरप्रीत पाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सरस्वती विद्या मंदिर की छात्रा रिया ढाली ने तृतीय स्थान पर कब्जा जमाया। जूनियर वर्ग में सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा प्रियांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र आदित्य ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि रेड रोज कॉन्वेंट की छात्रा दीपांशी ने तृतीय स्थान पर कब्जा जमाया। जागृति संस्था द्वारा विजेताओं को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र सौंपकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे वरिष्ठ समाजसेवी लाल मोहम्मद उर्फ लाल बादशाह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ–साथ बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने के अवसर प्रदान करना भी आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा नेता एवं समाजसेवी पृथ्वी बजाज ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देती हैं। इस दौरान मुख्य अतिथि लाल मोहम्मद उर्फ लाल बादशाह व विशिष्ट अतिथि पृथ्वी बजाज का जागृति एक नई पहल संस्था के अध्यक्ष विजय अरोरा, संयोजक राकेश भुड्डी व महामंत्री आकाश अरोरा द्वारा अपने तमाम पदाधिकारियों के साथ स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस एस पब्लिक स्कूल के एम डी दिग्विजय प्रताप सिंह द्वारा की गई। इस दौरान मीडिया क्लब के पूर्व अध्यक्ष मुकेश पाल को भी मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया इस मौके पर एस एस पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य परविंदर सिंह, भाजपा किसान मोर्चे के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया, व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपक बेहड़, महामंत्री संदीप चावला, कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा, सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंकित हुड़िया, डॉ सोनू विश्वास, पूर्व पालिका अध्यक्ष अंजू भुड्डी, पूनम ग्रोवर, जागृति संस्था के संरक्षक रमेश काम्बोज, संगठन मंत्री किशन गुप्ता, कोषाध्यक्ष विपिन गुप्ता, उपाध्यक्ष संजय शर्मा, मंत्री स्नेहिल कालरा, अंकुर अरोरा, मीडिया प्रभारी विपुल प्रजापति, सदस्य पारस भुड्डी, दीपक अरोरा नेत्रपाल चौधरी के साथ सभासद अश्विनी कुमार, मुकेश चावला, युवा नेता आकाश कोचर, गदरपुर महाविद्यालय छात्र संघ के पदाधिकारियों के साथ तमाम लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।





# आगमन व्लर्ड स्कूल में स्पोर्ट्स डे धूमधाम से संपन्न

लालपुर(उद संवादाता)। आगमन व्लर्ड स्कूल में वार्षिक स्पोर्ट्स डे का रंगारंग आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बड़ी उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। पूरे मैदान में बच्चों की ऊर्जा, खेल भावना और तालियों की गूंज ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। इस कार्यक्रम में समाजसेवी सुशील गाबा नें विजेता बच्चों को मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के बतौर अतिथि पधारे सुप्रसिद्ध समाजसेवी सुशील गाबा ने अपने संबोधन में कहा कि आगमन व्लर्ड स्कूल के बच्चों में अनुशासन, ऊर्जा और खेल भावना देख कर मैं अत्यंत खुश हूँ। खेल सिर्फ मैदान में नहीं, बल्कि जीवन में भी हमें मजबूत बनाते हैं। जीत और हार तो खेल का हिस्सा हैं, पर प्रयास कभी नहीं रुकना चाहिए। बच्चों को चाहिए कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी नियमित भाग लें, क्योंकि स्वस्थ मन और स्वस्थ शरीर ही उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं।स्कूल प्रबंधक राहुल गंभीर नें कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को अध्ययन के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक तौर पर सशक्त बनाना है।



स्पोर्टस डे सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। आगमन व्लर्ड स्कूल हमेशा बच्चों को ऐसा मंच देता रहेगा जहाँ वे अपनी प्रतिभा को पहचान सकें और जीवन में आगे बढ़ सकें। उन्होंने सभी अभिभावकों और शिक्षकों का आभार जताया, जिनके सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा। आखिर में समाजसेवी सुशील गाबा द्वारा विजेताओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए और बच्चों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। इस तरह आगमन व्लर्ड स्कूल का स्पोर्ट्स डे उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान प्रबंधक राहुल गंभीर, सीए कपिल अरोरा, गौरव अनेजा, सुमित गाबा, रजनी गुम्बर, प्रिंसिपल सपना कक्कड़, राजिंदर कौर, सोनिका सिंह, रोबिन चराया, कंचन कालड़ा, स्पोंटस कोच कुबेर सिंह, स्वाति तनेजा, अशनीत, स्नेहा छाबड़ा, दीपक बावेजा, गुरदेव सिंह, प्रिया जोशी, रोहित अरोरा, पंकज कुमार आदि सहित बड़ी संख्या में अभिभावकगण मौजूद थे।

# समारोह के सफल आयोजन पर शुक्ला ने जताया आभार

रुद्रपुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पंडित राम सुमेर शुक्ल जी की 47वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पंडित राम सुमेर शुक्ल राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में आयोजित स्मृति समारोह का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की सफलता पर कार्यक्रम संयोजक एवं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने मेडिकल कॉलेज परिवार, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों, क्षेत्र की जनता, सभी राष्ट्र प्रेमियों तथा प्रशासन का हार्दिक आभार व्यक्त किया।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की स्मृति में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा क्षेत्र के विकास को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएँ की गईं। मुख्यमंत्री ने लालपुरखनगला मार्ग से आनंदपुर कटिंग अंबेडकर कॉलोनी तक नई सड़क निर्माण, किच्छा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उच्चीकरण, ग्राम रामनगर स्थित पंडित राम सुमेर शुक्ल राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को इंटर कॉलेज में उच्चीकृत करने, तथा मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य इसी वित्तीय वर्ष में पूर्ण करने जैसी महत्वपूर्ण सौगातें क्षेत्र को प्रदान की हैं। पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई ये घोषणाएँ क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होंगी तथा इनका लाभ समाज के आम जनमानस को सीधे प्राप्त होगा।



# संयुक्त टीम ने घर और वाहन में पकड़ी अवैध शराब

रूद्रपुर(उद संवादाता)। जनपद उधम सिंह नगर में आबकारी आयुक्त के आदेश तथा संयुक्त आबकारी आयुक्त, कुमाऊँ मंडल के निर्देशों के तहत चलाए जा रहे रोड चेकिंग एवं प्रवर्तन अभियान के दौरान संयुक्त टीम ने दो अलग- अलग कार्यवाहियाँ कर अवैध मदिरा परिवहन और भंडारण का खुलासा किया। अभियान का नेतृत्व आबकारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह बिष्ट ने किया, जिसमें काशीपुर, बाजपुर, क्षेत्र-1 रुद्रपुर तथा जनपदीय प्रवर्तन दल शामिल थे। पहली कार्यवाही मुरादाबाद काशीपुर मुख्य मार्ग पर की गई। रोड चेकिंग के दौरान एक क्रेटा वाहन संदिग्ध प्रतीत हुआ, जिसे टीम ने पीछा कर राजकीय डिजाइन सेंटर, काशीपुर के सामने घेरा-बंदी कर रोका। वाहन की तलाशी लेने पर ब्लेंडर प्राइड ब्रांड की कुल सात पेटियाँ अवैध मदिरा बरामद हुईं, जिनमें ब्लेंडर प्राइड 750 एमएल की तीन, ब्लेंडर प्राइड ब्लू 750 एमएल की



दो तथा ब्लेंडर प्राइड ब्लू 375 एमएल की दो पेटियाँ शामिल थीं। वाहन चालक मुकुल कुमार वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थ रहा और पूछताछ के दौरान उसने मुनाफे के उद्देश्य से अवैध शराब ढोने की बात स्वीकार की। इस मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 60/72 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। दूसरी कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर ग्राम गिनी में दबिश देकर की गई। दबिश के दौरान अभियुक्त ठाकुर दास के आवास से अवैध मदिरा बरामद हुई, जिसमें हैवर्ड ब्रांड की 15 बीयर बोतलें और 8 पीएम गोल्ड ब्रांड की 14 देशी शराब की बोतलें शामिल थीं। अभियुक्त कोई वैध भंडारण या परिवहन दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की प्रासंगिक धाराओंमेंमुकदमा पंजीकृत किया गया। दोनों कार्यवाहियों में आबकारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह बिष्ट और बृजेश जोशी सहित सिपाही कैलाश भट्ट, कृष्ण चन्द्र आर्य, अंजलि गुबाई और नैनिका राणा के साथ बाजपुर, रुद्रपुर एवं जनपदीय प्रवर्तन दल के अन्य कर्मी भी शामिल रहे।



# शहर में अतिक्रमण को लेकर संयुक्त प्रशासनिक मीटिंग

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगरीय क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के लिए एसडीएम ने सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त मीटिंग की है। जिसमें शहरी क्षेत्र में अतिक्रमण से बिगड़ी व्यवस्था को व्यवस्थित करने पर जोर दिया गया। ।शनिवार को एसडीम रविंद्र कुमार जुवाटा ने सिंचाई विभाग, नगर पालिका प्रशासन, पुलिस और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त मीटिंग आयोजित की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से उनके स्वामित्व वाली जमीन पर हुए अतिक्रमण की जानकारी मांगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नालों के ऊपर हुए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नगरीय क्षेत्र के आवागमन में अवरोधक बने अवैध कब्जों को चिह्नित कर कब्जा मुक्त करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने जल निकासी के मुख्य नालो को खोलने के साथ ही सिंचाई विभाग से जेई सत्यपाल सिंह ने बताया कि मीना बाजार तिराहे के आसपास नाला निर्माण का कार्य शेष है। जिसे जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। मीटिंग में सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता पीसी पंत,



ड्रेनेज सिस्टम पर बनाई गई रूपरेखा की जानकारी ली। उन्होंने लोनिवि के सत्यपाल सिंह से शहरी क्षेत्र में अधूरे नाले निर्माण की जानकारी ली। जिनमें कोतवाल सुंदरम शर्मा, लोनिवि के जेई सत्यपाल सिंह, नगर पालिका की अधिक शशि अधिकारी प्रतिभा कोहली, करन सिंह आदि मौजूद थे।

# दिसम्बर को सशस्त्र झण्डा दिवस मनाया जायेगा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी कल 7 दिसम्बर दिन रविवार को सशस्त्र झण्डा दिवस मनाया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी सेवा निवृत कर्नल चन्द्र प्रकाश कोठारी ने बताया कि यह दिन उन वीर सैनिकों के सम्मान के लिय समर्पित है जिन्होंने, राष्ट्र की सुरक्षा, अखण्डता और सार्वभौमिकता और हमारे आज के लिए अपना कल न्यौछावर कर दिया। साथ ही विषम परिस्थितियों में सीमाओं पर तैनात सैनिकों का मनोवल ऊँचा करने और शहीद सैनिकों के आश्रितो व अपंग सैनिकों को विश्वास दिलाया जाता है कि राष्ट्र आपके साथ है। उन्होंने कहा कि झण्डा दिवस का उद्देश्य नागरिकों में देश भक्ति की भावना को प्रबल करना तथा उनका स्वैच्छिक योगदान एवं सहयोग की आशा की जाती है। इस अवसर पर जो भी धनराशि जमा होती है उसे शहीद के आश्रितों व अपंग सैनिकों के कल्याणार्थ हेतु उपयोग में लाया जाता है। अत: जनपद के सम्भ्भात जनता, विद्यालयों, शैक्षिक संस्थानों, सार्वजनिक व व्यक्तिगत उपकम, संस्थानों इत्यादि से अपील की जाती है कि कल 7 दिसम्बर को सशस्त्र झण्डा दिवस कोष में अधिक से अधिक उदारतापूर्वक योगदान दें।

## पेज एक का शेष...

**हरक सिंह के बयान...**लहजे और टिप्पणी पर आपत्ति जताई तथा इसे सिख समुदाय का अपमान बताया।आज प्रदेशभर में इस बयान के विरोध में प्रदर्शन किए गए। राजधानी देहरादून में घंटाघर चौक पर प्रदर्शनकारियों ने हरक सिंह रावत का पुतला फूंका और उनसे सार्वजनिक माफी की मांग की। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने इस तरह की टिप्पणी के खिलाफ कड़ा संदेश दिया कि किसी भी समुदाय के खिलाफ अपमानजनक भाषा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किच्छा-प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस के नेता हरक सिंह रावत द्वारा सिक्खों के लिए की गई टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी की नगर मंडल इकाई द्वारा किच्छा के डी डी चौक पर राहुल गांधी सहित हरक सिंह रावत का पुतला दहन कर विरोध प्रकट किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भाजपा के वरिष्ठ नेता संजीव सिंह एवं नगर मंडल इकाई के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गोल्डी के नेतृत्व में तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री कांग्रेसी नेता हरक सिंह रावत एवं कांग्रेस के केंद्रीय नेता राहुल गांधी का पुतला बनाकर डीडी चौक पर ले जहां पर दोनों नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सिख समाज से माफी मांगने की मांग की तथा विरोध स्वरूप दोनों का पुतला दहन किया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता संजीव सिंह ने कहा कि कांग्रेसी नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत द्वारा सिखों का अपमान किया है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए हुए सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे नहीं तो उनके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा उन्होंने स्पष्ट कहा कि ही कांग्रेस के नीति ही सिखों की विरोध में रहने की है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि कांग्रेस ने हमेशा सिखों का अपमान किया है जो कि बर्दाश्त से बाहर है। दिनेश भाटिया ने भी हरक सिंह रावत द्वारा की गई टिप्पणी की घोर निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेसी नेताओं के हमेशा फितरत रही है कि वह सिख समुदाय के खिलाफ कभी ना कभी-कभी ना कहीं अनर्गल बयान बाजी करते हैं ।नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गोराया उर्फ गोल्डी ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं द्वारा सिखों का जो अपमान किया जा रहा है उसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे तथा अगर सार्वजनिक तौर पर माफी नहीं मांगी गई तो आंदोलन तीव्र किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर सर में रहते कांग्रेसी नेताओं ने अपने जवान पर लगाम नहीं लगे तो भारतीय जनता पार्टी उनके खिलाफ अपमान जनित टिप्पणी करने के लिए कानूनी कार्यवाही भी कर सकती है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह के अलावा दिनेश भाटिया नगर मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोरिया ओम तनेजा देवेंद्र कुमार शर्मा, कुलदीप सिंह बग्गा मूलचंद राठौर संजीव सिंह,सुरेंद्र चौधरी, साहित्य दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।**नानकमत्ता-** कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत द्वारा सिखों पर की गई टिप्पणी को लेकर भाजपाइयों ने उनका पुतला फूंक कर अपना विरोध दर्ज कराया। नगर के भाजपाई मुख्य चौराहे पर एकत्र हुए जहां उन्होंने पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा के नेतृत्व में कांग्रेस नेता डॉ हरक सिंह रावत द्वारा कल एक प्रदर्शन के दौरान सिखों पर की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर अपना विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा सिखों का अपमान किया है, 1984 के दंगे से लेकर अब तक कांग्रेस सिर्फ सिखों का इस्तेमाल कर रही है लेकिन उनके साथ कांग्रेस का व्यवहार बिल्कुल भी ठीक नहीं है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना ने कहा कि कांग्रेस के नेता हमारे सिख भाइयों के खिलाफ बोलकर उनका हमेशा अपमान करते रहते हैं जो की अपमान किसी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह मान, नगर मंडल अध्यक्ष विकास गुलाटी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ओम नारायण राणा, सभासद विशाल गोयल, धर्म सिंह बिष्ट, रवि ग्रेवाल,सतपाल सिंह गोल्डी,रितेश गुप्ता, परमजीत सिंह, मलकीत सिंह, हरदेव सिंह आदि मौजूद थे।

**बाजपुर में नशीले...**कहा कि पुलिस का लक्ष्य बिल्कुल स्पष्ट है नशे की हर सप्लाई चेन को जड़ से खत्म करना है। उन्होंने दो-टूक संदेश देते हुए कहा कि नशे के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति के लिए कुमाऊँ में कोई जगह नहीं बचेगी, और अभियान लगातार और अधिक सख्ती के साथ चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री धामी की जीरो टॉलरेंस पॉलिसी और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि पुलिस अब छोटे पैमाने पर नहीं, बल्कि सप्लाई चेन की जड़ों को काटने के लिए बड़े पैमाने पर ऑपरेशन चला रही है। इस पूरे ऑपरेशन में विभिन्न विभागों की टीमों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। औषधि नियंत्रक विभाग से वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार और निरीक्षक निधि शर्मा ने महत्वपूर्ण तकनीकी सहयोग दिया। एसओटीएफ कुमाऊँ की विशेष इकाई ने पूरे अभियान को लीड किया, जबकि कोतवाली बाजपुर पुलिस की टीम उपनिरीक्षक कैलाश चन्द्र नगरकोटी, उपनिरीक्षक दीपक बिष्ट, कॉन्स्टेबल बलवन्त सिंह और अर्जुन नगन्याल ने मौके पर तेजी से कार्रवाई करने में अहम योगदान दिया।

**अवैध असलहों...**एक 12 बोर की खुली हुई दोनाली बंदूक, 8 कारतूस .32 बोर और 30 कारतूस 12 बोर बरामद हुए। सभी हथियारों की जांच में वे पूरी तरह चालू और फायरिंग योग्य पाए गए। आरोपी के पास से एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और एक मोबाइल फोन भी मिला। पूछताछ में वह बाइक संख्या यूके 06यू 2092 के बारे में भी कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाया, जिसके बाद मोटरसाइकिल को भी एमवी एक्ट के तहत सीज कर लिया गया। पुलिस ने मौके पर ही अभियुक्त के खिलाफ धारा 25-1(1-ख)(क) आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया।

# सीओ ने किया किच्छा कोतवाली का निरीक्षण

किच्छा(उद संवाददाता)क्षेत्राधिकारी सितारगंज भूपेन्द्र सिंह धोनी द्वारा कोतवाली किच्छा का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। तथा माल कागजात सहित तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रात: से ही क्षेत्राधिकार बस धोनी द्वारा कोतवाली में निरीक्षण कार्य प्रारंभ किया गया तथा मालखाना एवं अन्य मुकदमों से संबंधित सारी दस्तावेजों को सत्यापित करना शुरू किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा अभिलेखों के दुरूस्त ना होने पर भी नाराजगी जाहिर की गई । हालांकि महत्वपूर्ण सभी कार्य संपादित किए हुए पाए गए हैं। इस दौरान उन्होंने मुकदमों से संबंधित सभी वाहनों का भी सत्यापन किया तथा मुकदमा से संबंधित सभी साक्ष्यों को दुरुस्त करने का



निर्देश दिया । इसके साथ ही कोतवाली में फरियादियों को भी राहत देने की दिशा निर्देश कोतवाली प्रभारी सहित तमाम पुलिस कर्मचारियों को दिए गए हैं। उन्होंने इस दौरान यह भी निर्देशित किया है कि किसी भी फरियादी की फरियाद को तुरंत सुना जाए तथा उसे राहत दी जाए निरीक्षण के दौरान साफ सफाई एवं असलाह के रखरखाव अभिलेखों के रखरखाव का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सभी पुलिस कर्मचारियों से बढ़ते अपराध हो एवं विभिन्न प्रकार की हो रही आपराधिक घटनाओं पर पैनी नजर रखने को कहा है। उन्होंने यह भी दिशा निर्देश दिया है कि उन्होंने यह भी दिशा निर्देश दिया है कि वर्तमान में जाड़ों के समय अपराधी गतिविधियों में लिप्त लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है। इसलिए पुलिस को हमेशा मुस्तैद रहने की आवश्यकता है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
पफोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'सीएम धामी' के किए कराए पर पानी फेर रहे 'नौकरशाह'

## नियमों एवं आदेश की त्रुटि पूर्ण व्याख्या कर भोली भाली जनता को कर रहे हलकान, जनता के बीच धामी सरकार की नकारात्मक छवि बनने का बढ़ रहा खतरा

-अर्श-

रुद्रपुर। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जहां अपनी जनकल्याणकारी नीतियों से सूबे की आवाम का दिल जीतने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ प्रदेश के कतिपय नौकरशाह नियमों एवं आदेशों की तकनीकी जटिलताओं का सहारा लेकर जन सामान्य को लगातार परेशान कर रहे हैं। जिसके चलते मुख्यमंत्री के किए सारे कराए पर पानी फिरता तो नजर आ ही रहा है, साथ ही साथ जनता के बीच सीएम धामी एवं उत्तराखंड सरकार की नकारात्मक छवि बनने का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। उत्तराखंड में नौकरशाही की मनमानी के ऐसे तमाम कारनामे जब तब सामने आते ही रहते हैं, जिसमें किसी नियम अथवा आदेश की गलत अथवा त्रुटि पूर्ण व्याख्या करके आम लोगों को जानबूझकर इधर-उधर भड़काया जाता है। अनेक मौकों पर तो यह भी देखने में आता है कि किसी अधिकारी द्वारा दूसरे विभाग के अधिकारी से किसी नियम अथवा आदेश का स्पष्टीकरण समय रहते न लेने के चलते ही जनसाधारण के सामान्य कार्य लंबे समय तक फाइलों की भूल भुलैया में भटकते रह जाते हैं। मजे की बात तो यह है कि नौकरशाही के इस रवैये में तब तक सुधार नहीं आता, जब तक कोई उच्च अधिकारी अथवा जनप्रतिनिधि संबंधित जन समस्या का



संज्ञान लेकर जिम्मेदार अधिकारी को फटकार नहीं लगता। ऐसा ही एक मामला विगत दिनों रुद्रपुर में भी सामने आया है, जिसमें विकास प्राधिकरण के एक पत्र की विद्युत विभाग द्वारा की जा रही गलत व्याख्या के कारण सैकड़ो लोगों को बिजली कनेक्शन के लिए इधर से उधर भड़काया गया और आखिरकार जब स्थानीय विधायक शिव अरोरा ने बिजली विभाग की एसडीओ अनु अरोरा के ऑफिस में समर्थकों सहित चढ़ाई की, तब जाकर कहीं इस मामले के निराकरण के आसार बन पाए हैं। उल्लेखनीय है कि बिजली महकमे द्वारा रुद्रपुर शहर में दान पत्र एवं नजूल भूमि में लगभग तीन दशकों से रहते चले आ रहे लोगों को भी, जिला विकास प्राधिकरण के एक पत्र हवाला देकर विद्युत कनेक्शन नहीं दिया जा रहा था और लोगों को एनओसी के नाम पर इस दफ्तर से उस दफ्तर भड़काया जा रहा था। रोचक तथ्य तो यह है कि बिजली विभाग की एसडीओ साहिबा द्वारा विकास प्राधिकरण के जिस पत्र का हवाला देकर विद्युत कनेक्शन न देने की बात कहीं जा रही थी, उस पत्र के संबंध में विकास प्राधिकरण द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि प्राधिकरण का यह पत्र केवल निर्माणाधीन मकान के लिए है। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि प्रशासन के एक विभाग द्वारा दूसरे विभाग से समय रहते मार्गदर्शन अथवा स्पष्टीकरण ना मांगे जाने के कारण ही लोगों को बिजली जैसी बुनियादी सुविधा के लिए बिजली विभाग के दफ्तर के चक्कर लगाने पड़े। गनीमत है कि रुद्रपुर विधायक ने समय रहते लोगों की इस परेशानी का संज्ञान लेकर विकास प्राधिकरण सहित बिजली महकमे के भी कान उमेठे हैं। अब देखना यह होगा कि बिजली विभाग पर स्थानीय विधायक की फटकार का कुछ असर होता है अथवा नहीं?

# परिनिर्वाण दिवस पर चिकित्सा शिविर आयोजित

किच्छा(उद संवाददाता)। डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के परि निर्वाण दिवस पर नगर में डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति किच्छा द्वारा बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की नगर में स्थित सभी मूर्तियों पर माल्यार्पण किया गया तथा वार्ड नंबर सात स्थित पार्क में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ विध ायक तिलक राज बेहड़ द्वारा फीता काटकर किया गया। कैंप में सैकड़ो लोगों का चिकित्सीय परीक्षण भी किया गया तथा दवाइयां का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विध ायक ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा भारत को जो संविधान दिया गया वह अपने आप में मिसाल है बाबा साहेब के बताए हुए रास्ते पर चलते हुए प्रत्येक भारत के नागरिक को देश के विकास में सहयोग प्रदान करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरीके से यहां पर लगाए जा रहे चिकित्सा शिविरों के माध्यम से गरीब लोगों की जहां चिकित्सा की जांच संभव हो पा रही है तथा निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध हो रही है उन्होंने कहा कि इसी प्रकार के कैंप समय-समय पर लगाए जाने चाहिए। विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा कोतवाली गेट के सामने स्थित बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद वार्ड नंबर 7 में स्थित बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया इस दौरान शिविर का उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप सेडॉक्टर इंदिरा राजेश, डॉक्टर कुंवर आशीष, डॉ सी के आर्य डॉ राहुल गंगवार, राजपाल सिंह , सन्नी सिंह, रवि रावत, शुमायला, सबा, छत्रपाल, ओम प्रकाश पप्पू, छोटी कोली राजेश प्रताप सिंह, महिला नेत्री सुनीता कश्यप, पूर्व नगर पालिका अध्यक्षदर्शन कोली, मुख्य रूप से उपस्थित थे।



# परिनिर्वाण दिवस पर डा. अंबेडकर को किया नमन

रूद्रपुर। भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस पर गांधी पार्क के पास उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विध ायक राजकुमार ठुकराल समेत तमाम लोगों ने डॉ. अंबेडकर को नमन करते हुए उनके आदर्शों और विचारों पर चलने का संकल्प लिया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि डा. अंबेडकर का जीवन हमें समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय का मार्ग दिखाता है। उनके सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने पहले थे। हमें चाहिए कि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और समाज में समानता व न्याय की भावना को मजबूत बनाएं। ठुकराल ने यह संदेश दिया कि अंबेडकर के सिद्धांत केवल स्मरण करने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें अपनाने और समाज में व्यावहारिक रूप से लागू करने के लिए हैं।सभी उपस्थित लोगों ने श्रद्धा पूर्वक माल्यार्पण कर डॉ. अंबेडकर के सामाजिक सुधार और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को याद किया। कार्यक्रम में हरभजन सिंह मेहता, दीपक कुमार, राजू राजौरिया, राम चन्द्र सागर, सुशील कुमार, जितेन्द्र सागर, प्रदीप सागर, मुकुल सागर, मिंटू सागर, चन्द्रा सागर, जयपाल सागर, राजकुमार सागर, अमन सागर, मोहन लाल, विशाल सक्सेना, सुरेन्द्र सागर, अजय नारायण सिंह, दिनेश कुमार, ओमकार सिंह, जसवंत सिंह, महेन्द्र मास्टर, हैप्पी रस्तौगी, छत्रपाल, छोटे लाल, वकील अहमद, बंटी रस्तौगी, संजय कुमार, दामोदर, लक्ष्मी प्रसाद और बटी रस्तौगी शामिल थे।








# नगर निगम व यूयूएसडीए टीम ने किया रकसिया नाले का निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शुक्रवार को नगर निगम के अधिकारियों और यूयूएसडीए के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से रकसिया नाले का बिरला स्कूल से लेकर प्रेमपुर लोशज्ञानी तक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन क्षेत्रों की पहचान की गई जहाँ नाले के जल प्रवाह के कारण आबादी क्षेत्र में जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए यूयूएसडीए को निर्देश दिया कि वे चिन्हित क्षेत्रों के लिए प्रभावी कार्य योजना तैयार करें, जिससे भविष्य में जलभराव से निजात पाया जा सके। निरीक्षण के दौरान यूयूएसडीए के प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह, सहायक नगर अधिकारी गणेश भट्ट, अवर अभियंता नवल नौटियाल समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इस पहल से स्थानीय नागरिकों को जलभराव की समस्या कम होने की उम्मीद है।



# स्मैक सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी ( उद संवाददाता)। पुलिस एवं एएनटीएफ टीम ने संयुक्त रूप से चलाए अभियान में एक नशा तस्कर को स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार विजय मेहता प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में एएनटीएफ टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए चौकी मंगलपड़ाव क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्त फैज सैफी पुत्र बादुल्ली सैफी निवासी गौजाजाली थाना बनभूलपुरा को संदिग्ध रूप से घूमते पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कुल 11.66 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस आवश्यक पूछताछ करने के बाद फैज सैफी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह मेहता, मेडिकल पुलिस चौकी के कांस्टेबल सन्तोष बिष्ट, एएनटीएफ के कांस्टेबल संजय नेगी व बलवन्त सिंह शामिल थे। वही कोतवाली पुलिस ने एक मामले में काफी समय से फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त अनिल जायसवाल पुत्र हरिशंकर जायसवाल निवासी जीतपुर नेगी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।




